नई दिल्ली, बुधवार, 19 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 216
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 13

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

9 पायस-स्वास्तिका ने जीता राष्ट्रीय रैंकिंग खिताब



# 350वां शहीदी दिवस



## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

भाई मती दास जी,
भाई सती दास जी,
भाई दयाला जी

को समर्पित



# नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

### श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)

1 श्रीनगर
2 जम्मू
3 पठानकोट
4 दसूहा
5 होशियारपुर
6 माहिलपुर
7 गढ़शंकर
8 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

### गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1 गुरदासपुर
2 बटाला
3 बाबा बकाला साहिब
4 श्री अमृतसर साहिब
5 तरन तारन
6 गोइंदवाल साहिब
7 कपूरथला
8 करतारपुर
9 जालंधर
10 फ़गवाड़ा
11 बंगा
12 नवांशहर
13 बलाचौर
14 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – जालंधर (21 नवंबर, 2025)

### फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1 फ़रीदकोट
2 फ़िरोज़पुर
3 मोगा
4 जगराओं
5 लुधियाना
6 खन्ना
7 सरहिंद
8 फ़तेहगढ़ साहिब
9 मोरिंडा
10 चमकौर साहिब
11 रूपनगर
12 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

### तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1 तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो
2 बठिंडा
3 बरनाला
4 संगरूर
5 पटियाला
6 राजपुरा
7 बनूड़
8 साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर
9 कुराली
10 रूपनगर
11 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025

- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025

- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

### कर्मचारी की भूमिका हुई उजागर, 13 लाख 50 हजार बरामद

# मोबाइल होलसेल शॉप से 42 लाख की चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य जिले के करोल बाग थाने की टीम ने 42,39,400 रुपये की बड़ी चोरी का खुलासा किया है। केस में अंदरूनी सूत्र की भूमिका उजागर हुई है यानि मोबाइल शॉप के ही कर्मचारी की मिलीभगत से इसे अंजाम दिया गया था। चारों आरोपियों की पहचान की जा चुकी है। शॉप का कर्मचारी सूरज अरेस्ट किया जा चुका है। अन्य तीन की तलाश में छापेमारी जारी है। सूरज के पास से 13.50 लाख रुपये बरामद कर लिये गये हैं।

डीसीपी सेंट्रल निधिन वलसन के अनुसार शिकायतकर्ता की गोल्ड प्लाजा, तीसरी मंजिल, बैंक स्ट्रीट, करोल बाग में मोबाइल होलसेल की दुकान है। दुकान से 42,39,400 रुपये की चोरी के संबंध में ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने 4 नवंबर को अपनी दुकान बंद की थी। अगली सुबह उसके कर्मचारियों ने पीछे की खिड़की टूटी हुई पाई। खिड़की से प्रवेश कर चोरी को अंजाम दिया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की विस्तृत जांच की। पता चला कि चार अज्ञात व्यक्ति 5 नवंबर को सुबह 2:15 बजे परिसर में दाखिल हुए और चोरी करने के बाद 2:50 बजे बाहर निकल गए। एक ऑटो-रिक्शा के जरिए उनका पता कमल टी-पॉइंट तक लगाया गया। हालांकि उसका पंजीकरण नंबर पहचान योग्य नहीं था। रिवर्स-रूट विश्लेषण से आगे पता चला कि आरोपी पहले एक ई-रिक्शा में आए थे और विष्णु मंदिर मार्ग से यात्रा करने के बाद 4 नवंबर को रात 11:20 बजे ओम भटूरे के पास उतरे थे। तकनीकी विश्लेषण से अशोक विहार से शास्त्री नगर और उसके बाद घटनास्थल की ओर उनके आवागमन के क्रम की पुष्टि हुई। साथ ही शिकायतकर्ता के कर्मचारियों से भी पूछताछ व सीडीआर की जांच की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज में कैद संदिग्धों के चेहरों का मिलान करने के लिए एफआरएस का इस्तेमाल किया। इस प्रक्रिया के दौरान सी-ट्रेस और सी-बोट फेशियल-मैचिंग टूल ने सीसीटीवी फुटेज में देखे गए चेहरों से मिलते-जुलते संकेत दिए। तकनीकी आंकड़ों द्वारा समर्थित इन निष्कर्षों से कर्मचारी सूरज और संदिग्ध अपराधियों के बीच लगातार संवाद का पता चला। संयुक्त साक्ष्य के आधार पर आरोपियों की पहचान ऋषभ, अविनाश, अभिषेक और अनिल के रूप में हुई। सभी शाहजहांपुर निवासी थे। इसके बाद दो टीमें बनाई गईं। एक टीम ने मुकुंदपुर से शॉप कर्मचारी सूरज को 13,50,000 रुपये नगदी के साथ गिरफ्तार किया। दूसरी टीम शाहजहांपुर गई जहां से शेष आरोपी फरार पाए गए। उन्हें पकड़ने के लिए दिल्ली और आसपास के राज्यों में लगातार छापेमारी की जा रही है। सूरज ने पूछताछ में संलिप्तता स्वीकार की। उसने स्वीकार किया कि वह दुकान पर एक कर्मचारी के रूप में काम करता था और उसे नकदी की जानकारी थी। लालच में आकर उसने यह जानकारी अपने साथियों को दी, जिन्होंने बाद में चोरी की और फिलहाल फरार हैं।

## डकैती में दोषी 6 साल से फरार अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अपराध शाखा की इंटरस्टेट सेल द्वारा डकैती के एक मामले में दोषी ठहराए गए सरफराज उर्फ सोनू (38) को शकूरबस्ती इलाके से गिरफ्तार किया है। इसे अगस्त 2019 में दो सप्ताह की छुट्टी पर रिहा किया गया था, लेकिन इसके बाद वह कभी जेल नहीं लौटा और छह साल से अधिक समय तक फरार रहा। आरोपी पर घर में चोरी, सेंधमारी, डकैती सहित सात पूर्व आपराधिक मामले दर्ज पाये गये।

पुलिस के अनुसार सरफराज डकैती में दोषी करार दिये जाने के बाद मंडोली जेल में बंद था। 2019 में मंडोली जेल में आत्मसमर्पण करने में विफल रहने के बाद छह साल से अधिक समय से फरार था। छुट्टी पर रिहा हुआ यह अपराधी न्याय व्यवस्था से बचता हुआ बिहार स्थित अपने पैतृक गांव भाग गया था। बाद में कोलकाता चला गया, जहां उसने बैटरी रिक्शा चालक के रूप में काम किया। आजकल वह दिल्ली के शकूरबस्ती इलाके में छिपा हुआ था। इसकी सूचना अपराध शाखा को मिली तो उसे ट्रैक किया कर अरेस्ट कर लिया गया। आरोपी ने 2011 में अपने साथियों के साथ मिलकर एक तंबाकू की दुकान में डकैती की और बंदूक की नोक पर 30,000 रुपये लूट लिए थे। इस संबंध में मामला सरस्वती विहार थाने में दर्ज हुआ था।

**पं. भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक**

इस संस्थान के विभिन्न विभागों में केवल छह माह की अवधि हेतु अर्थात् सत्र 01.01.2026 से 30.06.2026 हेतु हरियाणा सरकार के अनुमोदन के अनुरूप 7वें सीपीसी के अनुसार एफपीएल-10 में रु. 56100 + डीए के पारिश्रमिक सहित सीनियर / जूनियर हाउस सर्जन के 153 रिक्त पदों को भरने के लिये पात्र चिकित्सा स्नातकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। संभाव्य उम्मीदवारों को सामान्य श्रेणी हेतु रु. 500/- और हरियाणा निवासी के एससी / बीसी इत्यादि हेतु रु. 125/- की दर से निदेशक (लेखा शाखा) के कार्यालय के काउंटर से प्राप्य निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना चाहिए।

सम्पर्क टेलीफोन नं. सहित सभी प्रकार से विधिवत् पूर्ण आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 03.12.2025 तक ठीक अप. 5.00 बजे तक अवश्य पहुंच जाने चाहिएं। अधिक विस्तृत शर्तों और पात्रता हेतु हमारे संस्थान की वेबसाइट www.uhsr.ac.in और www.pgimsrohtak.ac.in देखें।

हस्ता/-
संवाद-1241/11/83/2026/40397/सी/88/7 दि. 18.11.25 चिकित्सा अधीक्षक

## पश्चिम बंगाल और राजधानी के बीच सक्रिय मादक पदार्थ गिरोह के चार सदस्य दबोचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पश्चिम बंगाल और राजधानी के बीच ट्रॉली बैग में छिपाकर लंबी दूरी की ट्रेनों के जरिये गांजा की तस्करी करने वाले मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पश्चिमी दिल्ली से चार कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनसे लगभग 25 लाख रुपये मूल्य का 47 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान सुभाष नगर निवासी टोनी सिंह (47), पश्चिम बंगाल के कूच बिहार निवासी सुल्ताना (30), पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी निवासी नूरजहां (32) और ओखला औद्योगिक क्षेत्र निवासी संतोष उर्फ भाभी (38) के रूप में हुई है। पुलिस टीम को नौ नवंबर को जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट पार्क के पास गांजे की एक बड़ी खेप पहुंचाए जाने की विशेष सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर छापेमारी की गई और टोनी, सुल्ताना व नूर को ट्रॉली बैग के साथ गिरफ्तार किया गया। बैग में प्रतिबंधित पदार्थ मिला। बाद में पूछताछ के दौरान 12 नवंबर को दिल्ली में मुख्य तस्कर संतोष को गिरफ्तार किया गया। बरामद गांजे का वजन किया गया और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार उसे जब्त कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जनकपुरी थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और पश्चिम बंगाल में अन्य मुख्य तस्करों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। जांचकर्ताओं के अनुसार, यह गिरोह पश्चिम बंगाल और दिल्ली के बीच सक्रिय था। पश्चिम बंगाल से बड़ी मात्रा में खेप भेजी जाती थी, जबकि वाहक सुल्ताना और नूरजहां ट्रॉली बैग में छिपाकर लंबी दूरी की ट्रेनों में इसे ले आते थे। दिल्ली में संतोष ने कथित तौर पर माल प्राप्त किया और उसकी तस्करी की जबकि टोनी स्थानीय नेटवर्क में एक सूत्रधार के रूप में काम कर रहा था।

## कई अदालतों व स्कूलों में बम रखे होने की धमकी निकली अफवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

साकेत, द्वारका और पटियाला हाउस अदालतों के साथ-साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा संचालित दो स्कूलों में मंगलवार सुबह करीब नौ बम रखे होने की धमकी ईमेल के जरिये दी गई। इसके बाद सभी स्थानों पर बड़े पैमाने पर सुरक्षा जांच की गई। जांच के बाद बम की धमकी अफवाह निकली।

दिल्ली पुलिस के अनुसार एक आतंकवादी मॉड्यूल जैश के नाम से भेजे गए ईमेल में दावा किया गया था कि अदालत परिसर में सुबह-सुबह विस्फोटक लगा दिए गए हैं, जिसके बाद तत्काल सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया। जिला अदालत परिसरों की तलाशी के लिए बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते और स्थानीय थाने के अधिकारियों की कई टीमें भेजी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। जिस ईमेल से यह धमकी दी गई थी, उसकी उत्पत्ति का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## कर्ज में डूबे युवक ने खुद को आग लगाई, सुरक्षित

**नई दिल्ली।** आनंद पर्वत इलाके में 29 वर्षीय युवक ने बढ़ते कर्ज और उधार देने वालों के दबाव के चलते अपने किराए के कमरे में खुद को आग लगा ली। हालांकि वह बच गया। उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 9.50 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति जल गया है और उसे बीएलके अस्पताल लाया गया है। घायल की पहचान विशाल सिंह के रूप में हुई। डॉक्टरों ने बताया कि उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। उसकी हालत स्थिर है। पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों की मौजूदगी में सिंह का बयान दर्ज किया। उसने बताया कि व्यवसाय में तीन से चार लाख रुपये का नुकसान हुआ था और वह समय पर किराया नहीं दे पा रहा था। उसने दो लोगों से पैसा उधार लिया था और वे लगातार रुपये लौटाने का दबाव बना रहे थे। तनाव में आकर उसने कमरे में खुद को आग लगा ली। पत्नी और पड़ोसियों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि आगे के उपचार के लिए सिंह को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अतुल बंसल, मैनेजिंग डायरेक्टर पताः दूसरी मंजिल, एबीडब्ल्यू टॉवर, इफको चौक, गुरूग्राम, हरियाणा – 122003** ने **FIR No. 5989/2018, 5974/2018, 6291/2018 & 6292/2018 U/s 138 NI Act., थानाः शालीमार बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अतुल बंसल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अतुल बंसल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 5989/2018, 5974/2018, 6291/2018 & 6292/2018 U/s 138 NI Act., थानाः शालीमार बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अतुल बंसल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 20.12.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अपूर्व भारद्वाज**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**रूम नं. 113, पहली मंजिल, उत्तर पश्चिम जिला**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/15525/NW/2025 (Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राशीद, पुत्रः स्व. रहीसुद्दीन निवासः मकान नं. 1289, गली नं. 40 मदरसे वाली गली, ओल्ड जाफराबाद, दिल्ली** ने **case FIR No.246/2016 U/S 392/411/34 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राशीद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राशीद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **case FIR No.246/2016 U/S 392/411/34 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राशीद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 22.12.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–11**
**केन्द्रीय जिला, रूम नं. 138**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/15366/N/2025 (Court Matter)**

## खोए व चोरी किये गये 152 मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को लौटाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस द्वारा खोए व चोरी किये गये 152 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें असली मालिकों को सौंपा गया है। पुलिस ने बताया कि मोबाइल फोन में महत्वपूर्ण व्यक्तिगत जानकारी, वित्तीय विवरण व महत्वपूर्ण यादें होती हैं और इनके खो जाने से व्यक्ति को काफी परेशानी होती है। पुलिस के मुताबिक पिछले वर्षों में सीमित बरामदगी के कारण नागरिकों में यह धारणा बन गई थी कि खोए हुए फोन का पता लगाना पुलिस की प्राथमिकता नहीं है। इस मंशा को दूर करने के लिए पुलिस ने 152 मोबाइल फोन का पता लगाकर उन्हें बरामद किया और उन्हें उनके असली मालिकों को लौटा दिया। पुलिस ने बताया कि इस पहल का नेतृत्व एक विशेष महिला टीम द्वारा किया गया, जिसने तकनीकी उपकरणों व दूरसंचार विभाग के केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल का उपयोग कर फोन का पता लगाया।

## निजी सचिव ग्रेड में होगी पदोन्नतियां, प्रस्ताव पारित : वोहरा



■ समिति बैठक में सदस्यों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की नियुक्तियां, पदोन्नतियां, अनुशासनात्मक एवं सम्बद्ध मामले समिति की बैठक विनीत वोहरा की अध्यक्षता में मंगलवार को निगम मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक के बाद अध्यक्ष विनीत वोहरा ने बताया कि सदस्य योगेश वर्मा द्वारा प्रस्ताव लाया गया जिसे पारित कर दिया गया है। इस प्रस्ताव के तहत निजी सचिव को केंद्र सरकार की तरह ही उसी कैडर में वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति देने का प्रस्ताव है। वहीं, समिति में सदस्य सगुफ्ता चौधरी ने कहा कि निगम में यह समिति बनी हुई है लेकिन इसके बाद भी निगम के आलाधिकारी मनमानी कर रहे हैं और बिना बताए ही अधिकारियों की नियुक्तियां हो रही है। बताया गया कि निजी सचिव पद पर पदोन्नति दिए जाने से समान कार्य करने वाले कर्मियों को समान अवसर मिलेगा, कैडर की सेवा संभावनाएँ बढ़ेंगी, और कर्मियों का मनोबल भी सुदृढ़ होगा। निगम में यह संरचना न होने से स्टेनोग्राफर कैडर के कर्मियों में लंबे समय से असंतोष है और करियर प्रगति लगभग ठहर-सी गई है। अतः यह उचित समय है कि हम इस विसंगति को दूर करें।

## स्थानीय लोगों ने किया विदेशी नागरिकों को किराएदार रखने पर एतराज, पुलिस ने की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लाल किला ब्लास्ट के बाद पुलिस द्वारा किरायेदारों की जांच तेज कर दी गई है। दिल्ली में अकसर देखा गया है कि अलग अलग कॉलोनियों में विदेशी मूल के नागरिक किराए पर घर, मकान लेकर आराम से रहते है। पुलिस द्वारा किराएदारों की वेरिफिकेशन के लिए जागरूक करने के बावजूद प्रॉपर्टी मालिक ऐसा नहीं करते हैं। अब लालकिला ब्लास्ट के बाद लोगों में जागरूकता देखने को मिल रही है। बुराड़ी अंतर्गत प्रधान इनकलेव में स्थानीय लोगों की जागरूकता के चलते किराए पर रह रहे नाइजीरियन लोगों का विरोध होने लगा है। प्रधान इंकलेव के ब्लॉक ए में गत काफी समय से नाइजीरियन किराए पर मकान लेकर रह रहे है। पहले एक ही परिवार था, लेकिन अब इनकी संख्या बढ़ने से लोग दहशत में है। ऐसे में लोगों ने इनकी जानकारी स्थानी थाना बुराड़ी को दी और खुद इनकी जांच करवाने के लिए आगे आए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इन विदेशी नागरिकों की जांच पड़ताल शुरू की है। स्थानीय निवासी व आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान सतीश त्यागी ने बताया कि ऐसे संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल पहुंच जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वह मकान को किराए पर देते ही सबसे पहले पुलिस से उसका वेरिफिकेशन जरूर कराएं। स्थानीय निवासी व आरडब्ल्यूए के पूर्व महासचिव प्रदीप रावत ने बताया कि लोगों का कहना है कि अकसर इन नाइजीरियन को संदेहास्पद गतिविधियों में देखा जाता है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि पुलिस का इसकी सूचना दी जाए। हमने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर नाईजिरीयन लोगों के कागजात देखें हैं और आगे की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि समय समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है वह अपने किरायेदार का पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराएं। बेहद सरल प्रक्रिया के द्वारा प्रापर्टी मालिक अपने किराएदारों का पुलिस वेरिफिकेशन कराई जा सकती है। पुलिस ने बुराड़ी अस्पताल के पास वेरिफिकेशन कैंप भी आयोजित करने की बात कही।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/FSO/302

मनकि लक्ष्मण पुत्र कवल सिहं पुत्र पूर्ण, निवासी एवं बिस्वेदार गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियागा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3679 तबादला, के अनुसार खेवट न0 75मिन/52, खाता न0 75 मिन, मु0 न0 13, किला न0 23/2/2(1–16), 24/1/1(0–15), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 11 मरले (0.31875 एकड) सालम भाग, वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्किल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्किल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 2 कनाल 11 मरले (0.31875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/FSO/303

हमकि (1) समुन्द्र सिहं (2) राजकुमार पुत्रान राजपाल सिहं पुत्र जगमाल सिहं व (3) संजय कुमार (4) वेदपाल पुत्रान परीक्षत सिहं पुत्र जगमाल सिहं, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 33 मिन/15, खाता न0 33 मिन, मु0 न0 17, किला न0 4/2(4–0), 5/1(6–9), किते 2, तादादी रकबा 10 कनाल 9 मरले सालम भाग (जिसमें समुन्द्र सिहं – राजकुमार हर दो समभाग) व खेवट न0 34 मिन/16, खाता न0 34 मिन, मु0 न0 16, किला न0 11/2(7–11), मु0 न0 17, किला न0 15/2(4–14), किते 2, तादादी रकबा 12 कनाल 5 मरले सालम भाग (जिसमें संजय कुमार – वेदपाल हर दो समभाग) व खेवट न0 85/61, खाता न0 85, मु0 न0 34, किला न0 4/2(0–14), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 14 मरले का 6/125 भाग, बकदर 0 कनाल 0 मरला 6 सरसाई (जिसमें संजय कुमार – वेदपाल हर दो समभाग), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 22 कनाल 14 मरले 6 सरसाई (2.84166 एकड़) वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्किल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्किल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 22 कनाल 14 मरले 6 सरसाई (2.84166 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई राम्बन्ध रखता है या किरी को इरा तबादलानागा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 18.11.2025

विनय कुमार सैनी एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

### एक ही छत के नीचे मिलेंगी वृद्धावस्था, दिव्यांग, विधवा पेंशन व छात्रवृत्ति की सेवाएं

# नए जिला समाज कल्याण कार्यालय से होगा 15 विधानसभाओं को फायदा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



इस नए कार्यालय से कुल 15 विधानसभाओं की जनता को सीधा और त्वरित लाभ मिलेगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को आजादपुर मंडी के सामने, इंद्रा नगर, बी-ब्लॉक में जिला समाज कल्याण कार्यालय (उत्तर-पश्चिम 1 एवं 2) के नए और आधुनिक भवन के लोकार्पण पर यह बात कही। उन्होंने बताया कि यहां से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, छात्रवृत्ति योजनाओं, हथकरघा हस्तशिल्प सहायता, अनुदान योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा के अन्य कार्यक्रमों की सभी सेवाएं एक ही स्थान पर सुलभ होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया कार्यालय सामाजिक न्याय और कल्याण के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जो जरूरतमंदों, वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए नई उम्मीदों का द्वार खोल रहा है। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह, विधायक राजकुमार भाटिया सहित अन्य गणमान्य जन व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### निर्माण की लागत लगभग 2 करोड़ 14 लाख रुपये

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बताया कि नवनिर्मित जिला समाज कल्याण कार्यालय के भवन निर्माण की लागत लगभग 2 करोड़ 14 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि ये कार्यालय पिछले कई वर्षों से रोहिणी में एक विद्यालय भवन में चल रहे थे, जगह की कमी के कारण लाभार्थियों को काफी असुविधा होती थी। अब दो जिला समाज कल्याण कार्यालय भवन मिलने से लाभार्थियों को पर्याप्त जगह और बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी।

### इन 15 विधानसभा क्षेत्रों को मिला लाभ : रविंद्र इंद्राज

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बताया कि यह नया कार्यालय कुल 15 विधानसभा क्षेत्रों को सुविधाएं प्रदान करेगा, जिनमें जिला उत्तर-पश्चिम 1 में रिठाला, मुंडका, किराड़ी, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, रोहिणी, शालीमार बाग, शकूर बस्ती, त्रिनगर और जिला उत्तर-पश्चिम 2 में नरेला, बुराड़ी, आदर्श नगर, बादली, बवाना और मॉडल टाउन विधानसभाएं शामिल हैं।

नई दिल्ली

बुधवार, 19 नवंबर 2025

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 216

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 13

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


दिल्ली बम धमाके के बाद आतंकवाद पर जयशंकर की खरी-खरी...

# आतंकवाद को लेकर नहीं चलेगी कोई लीपापोती, बहाना या सफाई, शून्य सहिष्णुता की दरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लालकिले के पास हुए बम धमाके के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मंच से पाकिस्तान सहित पूरी दुनिया को एक कड़ा संदेश दिया है।

जिसमें उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर किसी भी तरह की कोई लीपापोती, बहाना या सफाई नहीं दी जा सकती है। विश्व को आतंकवाद को उसके तमाम



रूपों और अभिव्यक्तियों के साथ किसी भी सूरत में कतई बर्दाश्त न करने की नीति यानी शून्य सहिष्णुता को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना चाहिए। हमारे देश को आतंकवाद के खिलाफ अपने नागरिकों और सीमाओं को हर हाल में सुरक्षित बनाए रखने का पूरा अधिकार है। भारत ने ऐसा किया (ऑपरेशन सिंदूर) भी है और भविष्य में भी हम अपने इस अधिकार का इस्तेमाल करने से बिलकुल भी नहीं हिचकेंगे। यह जानकारी डॉ. जयशंकर ने अपनी रूस यात्रा के दौरान मंगलवार को मॉस्को में आयोजित की गई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की राष्ट्राध्यक्ष परिषद की बैठक को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बम धमाका आतंकी घटना: कैबिनेट

गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजधानी में हुए बम धमाके में करीब एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बीते वक्त में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर इसे एक आतंकवादी घटना के रूप में स्वीकार करते हुए जल्द से जल्द सभी दोषियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ देश की जीरो टॉलरेंस की नीति को बरकरार रखने की भी घोषणा की गई।

### विकराल रूप धारण करता आतंकवाद

उन्होंने एससीओ को उसकी स्थापना के साथ आतंकवाद और उससे जुड़ी हुई तीन बुराइयों को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिपादित किए गए सिद्धांत की याद दिलाई। जिसमें सबसे पहले आतंकवाद और उसके बाद अलगाववाद और अंत में चरमपंथ मुख्य रूप से शामिल हैं। हर गुजरते साल के साथ यह तीनों और अधिक विकराल रूप धारण करते जा रहे हैं। ऐसे में समूचे विश्व को चाहिए कि किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दाश्त न करने की नीति को अपनाते हुए उसका प्रदर्शन करे।

### तत्काल जोखिम घटाने की जरूरत

जयशंकर ने वैश्विक स्तर पर बनी हुई मौजूदा आर्थिक स्थिति पर जोर दिया। साथ ही संगठन के बीच सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने की भी वकालत की है। उन्होंने कहा, हम वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई अस्थिरता और जटिल परिस्थिति का आकलन कर रहे हैं। जिसमें मांग की जटिलताओं के साथ ही सप्लाई से जुड़े हुए जोखिम बढ़े हैं। इस लिहाज से जोखिम घटाने की तत्काल आवश्यकता है। हममें से कई इसे अपने संभावित व्यापक आर्थिक जुड़ावों की मदद से बखूबी कर सकते हैं। लेकिन इससे जुड़ी प्रक्रिया साफ सुथरी, पारदर्शी और समानता पर आधारित होनी चाहिए। भारत ने संगठन के कई सहयोगी देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अमलीजामा पहनाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत के सदस्य देशों के साथ दीर्घकालिक संबंध हैं। बतौर सभ्यता कालीन राष्ट्र होने के नाते हमारा मानना है कि किसी भी सच्चे संबंध के लिए लोगों के बीच आदान-प्रदान एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके अलावा हमारे बुद्धिजीवियों, कलाकारों, खिलाड़ियों और आमजनता व सांस्कृतिक हस्तियों के बीच संवाद के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

### विस्तार पर ध्यान दे एससीओ

उन्होंने कहा कि भारत का विश्वास है कि एससीओ को बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य को आत्मसात करना चाहिए। इसके अलावा अपने एजेंडे के विस्तार और कार्यप्रणाली में सुधार करने की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हम इन सभी लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक रूप से योगदान देने के लिए तैयार हैं। मालूम हो कि एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में शंघाई में हुए शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। जिसमें रूस, चीन, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति मौजूद थे। भारत और पाकिस्तान को संगठन की स्थायी सदस्यता 2017 में मिली है। 2023 में ईरान एससीओ का नया सदस्य बना है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### एक्स, चैट जीपीटी और जैमिनी तक रहे ठप

**नई दिल्ली।** इंटरनेट पर मंगलवार दोपहर दो घंटे तक कई वेबसाइट्स और एप्स ने काम करना बंद कर



दिया। इसकी वजह क्लाउडफ्लेयर में आया एक बड़ा आउटेज है। दुनिया भर के यूजर्स एक्स, जेमिनी, पर्प्लेक्सिटी और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लॉगिन या कंटेंट लोड नहीं कर पाए। क्लाउडफ्लेयर ने कहा कि वे तकनीकी गड़बड़ी की जांच कर रहे हैं।

### वंदना ने जीती वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप

**इंदौर।** इंदौर की बेटी वंदना ठाकुर ने 16वीं वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में



स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश के साथ इंदौर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता 11 से 17 नवंबर, तक रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया के रियाउ प्रांत में आयोजित की गई थी। वंदना ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### नेशनल शूटर से बैड टच ड्राइवर-कंडक्टर को धुना

**इंदौर।** इंदौर-पुणे के बीच चलने वाली निजी ट्रैवल्स की बस में नेशनल शूटर से छेड़छाड़ की गई।



पुणे की शूटर जब बस में चढ़ रही थी, कंडक्टर ने उसे बैड टच किया। इस पर उसने आपत्ति जताई। ड्राइवर-कंडक्टर ने बदतमीजी की तो लेडी शूटर ने दोनों की पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों वहां से भाग गए। मौजूद लोगों का कहना है कि ड्राइवर-कंडक्टर नशे में थे।

## पीएम ने गुलामी की मानसिकता का जिक्र कर कांग्रेस पर किया हमला

थरूर बोले पीएम अंग्रेजी के योगदान पर भी ध्यान देंगे

# ऑडियंस में बैठे सुनते रहे थरूर, कुछ अंश साझा कर जमकर तारीफ भी की

*मोदी ने कहा-6 राजनीतिक दल सामाजिक न्याय पर केवल अपने हित साध रहे*

*पीएम ने अपनी संस्कृति, भाषा और नॉलेज सिस्टम को रीस्टोर करने की बात कही*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान गुलामी की मानसिकता का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। रामनाथ गोयनका व्याख्यान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 6 राजनीतिक दल और नेता सामाजिक न्याय के नाम पर केवल अपने हित साधते हैं। कांग्रेस सरकारों ने 'अर्बन नक्सलियों' को शीर्ष पद दिए। 'मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस' अब भी राष्ट्रीय हित को दरकिनार कर रही है। इस कार्यक्रम की ऑडियंस में कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर भी मौजूद थे। उन्होंने पीएम मोदी के भाषण के कुछ अंश साझा करते हुए सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की जमकर तारीफ की है। हालांकि भाषा को लेकर उन्होंने इतना जरूर कहा कि उम्मीद है प्रधानमंत्री अंग्रेजी के योगदान पर भी ध्यान देते होंगे।



प्रधानमंत्री से मिलते कांग्रेस सांसद शशि थरूर। फाइल फोटो

### रचनात्मक विकास पर बल दिया

थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुलामी की मानसिकता से निकलने और रचनात्मक विकास पर बल दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब केवल एक उभरता हुआ बाजार नहीं बल्कि दुनिया के लिए एक मॉडल है। थरूर ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने भाषण में जिक्र किया कि लोग आरोप लगाते हैं कि वह हमेशा चुनाव के मूड में ही रहते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। लोगों की समस्याओं को लेकर मैं भावनात्मक मूड में रहता हूं।

### समाधान पर फोकस रहा

थरूर ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के लिए भारत की 'रचनात्मक अधीरता' पर जोर दिया है और उन्होंने 'उपनिवेशवाद के बाद वाली मानसिकता' से बाहर निकलने का आह्वान किया है। साथ ही संस्कार पर भी ध्यान देने की बात कही है।

### भारत उभरता हुआ मॉडल

थरूर ने कहा कि पीएम ने जोर दिया कि भारत अब केवल एक 'उभरता हुआ बाज़ार' नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक 'उभरता हुआ मॉडल' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन पर हर समय 'चुनावी मोड' में रहने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन वे समस्याओं के समाधान के लिए 'भावनात्मक मोड' में थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के भाषण को याद किया, जो भारत में शिक्षा पर उपनिवेशवाद के प्रभाव पर केंद्रित था।

थरूर ने कहा कि इस भाषण का अहम हिस्सा यह था कि पीएम मोदी ने मैकॉले के 200 साल के थोपी गई गुलामी की मानसिकता से निकलने और 10 साल अपनी संस्कृति, भाषा और नॉलेज सिस्टम को रीस्टोर करने में लगाने की बात कही है। उन्होंने इस बात पर भी ध्यान दिया होगा कि रामनाथ गोयनका ने कैसे अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रवाद की आवाज बुलंद की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण आर्थिक परिदृश्य, सांस्कृतिक आह्वान और अथक परिश्रम की प्रेरणा से ओतप्रोत था।

### भारत उम्मीद का मॉडल

पीएम ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद हमारी जीडीपी लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। भारत न केवल एक उभरता हुआ बाजार है, बल्कि एक उभरता हुआ मॉडल भी है। दुनिया भारत के विकास मॉडल को 'उम्मीद के मॉडल' के रूप में देख रही है।

आज का भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए व्यग्र है, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वह तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोगों का कल्याण करने के लिए व्यक्ति को भावनात्मक होकर काम करना चाहिए, चुनाव को ध्यान में रखकर नहीं। हम चुनाव जीतते हैं क्योंकि हम विकास और कल्याण के लिए चौबीस घंटे प्रतिबद्ध हैं। पीएम ने लंबे समय तक आयातित विचारों, वस्तुओं और आयातित सेवाओं को बढ़ावा दिया गया लेकिन हमने वह सब बदल दिया है।

नीतीश कुमार व्यवस्था देखने पहुंचे

# 20 नवंबर को 10वीं बार सीएम पद की शपथ लेंगे



एजेंसी ▶▶ पटना

नीतीश कुमार दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की 10वीं बार शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम गांधी मैदान में आयोजित होना है। इसके लिए 20 नवंबर की तारीख तय की गई है। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर गांधी मैदान में साफ सफाई और सौंदर्यीकरण का काम भी किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं का जायजा लेने नीतीश कुमार गाधी मैदान पहुंचे। पटना जिला प्रशासन ने गांधी मैदान को आम लोगों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश सुरक्षा की दृष्टिकोण से लिया गया है जो बुधवार तक प्रभावी रहेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। इस दिन कई विधायक भी मंत्री पद की शपथ लेंगे, जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

■ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी पहुंचे पटना

आंध्र-प्रदेश के राज्यपाल न्यायमूर्ति नजीर करेंगे इसकी अध्यक्षता

# बस दुर्घटना मामले में जरूरी सहायता प्रदान करने के लिए आज सऊदी अरब रवाना होगा भारत का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते सोमवार को उमराह के लिए मक्का से मदीना जा रही भारतीय तीर्थयात्रियों की एक बस के भीषण हादसे का शिकार होने की दुखद घटना के ठीक अगले दिन यानी बुधवार को भारत का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब जाएगा। जिसकी अध्यक्षता आंध्र-प्रदेश के राज्यपाल न्यायमूर्ति एस.अब्दुल नजीर करेंगे। उनके अलावा इसमें विदेश मंत्रालय के सचिव (सीपीवी-ओआईए) अरुण कुमार चटर्जी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें यह भी बताया कि यह प्रतिनिधिमंडल इस दिल दहला देने वाले हादसे में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में भी शामिल हो सकता है। इस यात्रा का उद्देश्य सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय के साथ देश के प्रभावित लोगों तक जरूरी सहायता पहुंचाना और जमीनी स्तर पर जारी राहत कार्यों की निगरानी करना है। मृतकों की संख्या करीब 44 तक पहुंच गई है, जिनमें 42 भारतीय (तेलंगाना) शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि रियाद और जेद्दा में मौजूद भारत के दूतावास मामले को लेकर स्थानीय अधिकारियों के साथ निकटता से काम करने में लगे हुए हैं। इसमें मृतकों की तेजी से पहचान किया जाना भी शामिल है। केंद्र सरकार इस घटना में मारे गए लोगों के परिजनों की सऊदी अरब की यात्रा में भी मदद प्रदान कर रही है। साथ ही मामले में भारतीय नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए भी सरकार ने प्रतिबद्धता जताई है। ताकि प्रभावितों तक तेजी के साथ प्रभावी रूप से मदद पहुंचाई जा सके।

# दिसंबर के पहले सप्ताह में दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर के खिलाफ होगी विशाल रैली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा भाजपा के इशारे पर की जा रही विशेष गहन पुणरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए फैसला लिया है कि दिसंबर माह में दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली आयोजित की जाएगी।

यह फैसला इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई बैठक में लिया गया। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया वाले 12 राज्यों से संबंधित सीडब्ल्यूसी सदस्यों, प्रदेश अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं, महासचिवों, प्रभारियों और प्रभारी सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक के उपरांत कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और पार्टी के मीडिया एवं पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दिसंबर के पहले सप्ताह में रामलीला मैदान में एसआईआर के खिलाफ विशाल रैली कर चुनाव आयोग के राजनीतिकरण का पर्दाफाश किया जाएगा। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आज 12 प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं, महासचिवों और वरिष्ठ नेताओं के साथ एसआईआर पर विस्तृत बैठक हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अंदर आम भावना यही है कि चुनाव आयोग जानबूझकर समाज के कुछ वर्गों के वोट हटाने की कोशिश कर रहा है। यह बिहार में भी देखा गया और अब इसे 12 राज्यों में लागू करने की योजना बनाई जा रही है। वेणुगोपाल ने केरल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां स्थानीय निकाय ▶▶ शेष पेज 5 पर

# पूर्वोत्तर में चीन से लगी एलएसी के करीब सिक्किम के दौरे पर सेनाप्रमुख

*राज्य में बने हुए जमीनी सुरक्षा हालात के साथ ही सेना की रणनीतिक तैयारियों की करेंगे समीक्षा*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबे वक्त से जारी विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद एक बार फिर से सामान्य हो रहे भारत और चीन के संबंधों के बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी मंगलवार से



सिक्किम के दो दिवसीय (18 से 19 नवंबर तक) दौरे पर हैं। जिसका उद्देश्य ड्रैगन से लगी हुई पूर्वी सीमा के इस महत्वपूर्ण इलाके में जमीनी सुरक्षा हालात की व्यापक रूप से समीक्षा करना और ग्राउंड जीरो पर तैनात ▶▶ शेष पेज 5 पर

सुबह 6 बजे शुरू हुई मुठभेड़ करीब एक घंटे तक चली

# 1 करोड़ का इनामी नक्सली हिड़मा ढेर पत्नी व 6 नक्सलियों के शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खात्मे के लिए राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों का एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। मंगलवार की सुबह छह से सात बजे के करीब आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले के मारेदुमिल्ली के पास सुबह-सुबह हुई मुठभेड़ में हिड़मा समेत कुल छह नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में उसकी पत्नी राजे उर्फ रजक्का भी ढेर हो गई। एक करोड़ का इनामी कुख्यात



हिड़मा और उसकी पत्नी राजे उर्फ रजक्का का खात्मा

नक्सली माड़वी हिड़मा, जो सुरक्षा बलों पर सशस्त्र हमलों के कई मामलों में वांछित शीर्ष नक्सली कैडरों में से एक था। उसके मारे जाने की पुष्टि के बाद **केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शीर्ष अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। हिड़मा का खात्मा सुरक्षा बलों की ओर से तय 30 नवंबर 2025 की समय सीमा से काफी पहले हो गया।**

**मुख्य हमले जिनमें वह शामिल था:** 2010 दंतेवाड़ा हमला में 76 सीआरपीएफ जवान शहीद, 2013 झीरम घाटी नरसंहार में 27 लोग मारे गए, जिनमें शीर्ष कांग्रेसी नेता शामिल। 2021 सुकमा-बीजापुर मुठभेड़ में 22 सुरक्षा कर्मी शहीद हुए थे।

**कौन था हिडमा?** जन्मः

हवाईअड्डों के इमीग्रेशन काउंटर पर लगने वाला समय घटेगा और धोखाधड़ी की गुंजाइश भी नहीं रहेगी

विदेश मंत्रालय की अनोखी पहल...

# हाईटेक स्वदेशी चिप और डेटा सुरक्षा के साथ आ गया भारत का नया 'ई-पासपोर्ट'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने तकनीक की मदद से अपने पासपोर्ट सिस्टम को और अधिक उन्नत बनाते हुए अगली पीढ़ी के 'ई-पासपोर्ट' बनाने का काम बड़े पैमाने पर शुरू कर दिया है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्वदेश में बनाई गई एक हाईटेक चिप (आएफआईडी) लगी हुई होगी।

एन्क्रिप्टेड बायोमेट्रिक डेटा और बाकी जानकारी इसमें पूरी तरह से सुरक्षित रहेगी और किसी तरह की गड़बड़ी को भी आसानी से पकड़ा जा सकेगा या उसकी गुंजाइश नहीं रहेगी। उदाहरण के तौर पर अब कोई व्यक्ति एक साथ दो ▶▶ शेष पेज 5 पर

*देश में मई से शुरू हुआ ई-पासपोर्ट बनाने का काम, अब तक 80 लाख जारी किए गए*



### यूं सुरक्षित रहेगा चिप में मौजूद डेटा

उन्होंने कहा कि ई-पासपोर्ट से पासपोर्ट बनाने की मौजूदा प्रक्रिया में कोई खास बदलाव नहीं आएगा। केवल पहले इसके लिए लगने वाले 45 मिनट का समय अब घटकर 30 मिनट रह जाएगा। विभाग की ये ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 80 लाख ई-पासपोर्ट जारी किए

चटर्जी ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना के हिसाब से इस साल मई महीने से ई-पासपोर्ट जारी करने का काम शुरू कर दिया गया था। अब तक कुल 80 लाख ई-पासपोर्ट जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा करीब 62 हजार ई-पासपोर्ट ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 2024 में शुरू हुई प्रायोगिक परियोजना

ई-पासपोर्ट के लिए प्रायोगिक परियोजना की शुरुआत ओडिशा के भुवनेश्वर और नागपुर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों से पिछले साल 2024 में की गई थी। इसकी सफलता के बाद संबंधित प्रक्रिया को देशभर में मौजूद पासपोर्ट कार्यालयों में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सभी लोकसभा क्षेत्रों में खुलेगा पासपोर्ट केंद्र

उन्होंने कहा कि अगले छह महीने से लेकर सालभर तक देश में मौजूद 543 लोकसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक में एक पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। वर्तमान में 511 क्षेत्रों में ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### वीजा दिलवाने के नाम पर की थी धोखाधड़ी




**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने ठगी के मामले में खाताधारक सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह कनाडा जाने के लिए जॉब सर्च कर रहा था, तभी उसके पास व्हाट्सएप पर कॉल आया और उसका इंटरव्यू लिया और कहा कि एक महीने में वीजा लगवा देंगे। वीजा के लिए उसने ठगों के बताए खाता में 1,19,982 रुपए भेज दिए।

### नाबालिग से रेप आरोपी को 20 साल की सजा



**गुरुग्राम।** नाबालिग से रेप करने वाले को जिला एवं सत्र न्यायाधीश जैस्मिन शर्मा की अदालत ने 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भुगतने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। वारदात को अंजाम तीन साल पहले दिया गया था। नाबालिग के अदालत में बयान दर्ज कराए गए थे।

### गिरी वेयरहाउस की दीवार 2 महिलाओं की मौत



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक वेयरहाउस की दीवार गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया है। ये हादसा उस वक्त हुआ, जब महिलाएं वेयरहाउस के बगल वाले खाली प्लॉट में सफाई का काम कर रही थीं।

### वाहन चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के एक मामले में आरोपी नवीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सचिन निवासी भारत कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसने 11 नवम्बर को उसने अपनी मोटरसाईकिल को घर के बाहर खडा किया था, जिससे कोई नामपता नामालूम चोरी करके ले गया। जिस शिकायत पर थाना खेडीपुल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

# धान खरीद में घोटाले की आशंका खत्म करेगी नई तकनीक

मंत्री राजेश नागर ने बताया कि विभाग जल्द ही ऐसी तकनीक लाने जा रहा है जिसके बाद अनाज खरीद में किसी भी प्रकार के घोटाले की आशंका को समाप्त किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि हम जल्द ही इस तकनीक को लेकर आयेंगे जो मंडी में आने वाले अनाज की पूरी जानकारी रखेगी, इसके साथ-साथ हमें अपने राज्य में पैदा होने वाले अनाज की भी पूरी जानकारी अपडेटेड रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें खाद्य आपूर्ति को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

बैठक के बाद मंत्री राजेश नागर ने बताया कि विभाग जल्द ही ऐसी तकनीक लाने जा रहा है जिसके बाद अनाज खरीद में किसी भी प्रकार के घोटाले की आशंका को समाप्त किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि हम जल्द ही इस तकनीक को लेकर आयेंगे जो मंडी में आने वाले अनाज की पूरी जानकारी रखेगी, इसके साथ-साथ हमें अपने राज्य में पैदा होने वाले अनाज की भी पूरी जानकारी अपडेटेड रहेगी।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया के उचित दर दुकानों पर राशन वितरण में शिकायतों को लेकर डिपो होल्डरों पर कार्रवाई में समय ना लगाएं। इसके साथ ही यह तय करें कि सभी राशन की दुकानों पर 10 तारीख तक वितरण हो जाए और स्टॉक के बारे में बोर्ड लगा हो। मंत्री ने राशन की दुकानों पर उनके नाम का बोर्ड भी लगाए जाने के निर्देश दिए। मंत्री राजेश नागर ने अनाज मंडियों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने, अनाज की बोरियों के लिए बारकोड की व्यवस्था करने और अनाज खरीद के संदर्भ में पीओएस मशीन खरीदने के टेंडर बारे में भी चर्चा की।

### प्रयासों के बावजूद मुझे शिकायतें क्यों मिल रही है?



मंत्री ने राशन की दुकानों पर समय पर राशन का पहुंचना और बांटना सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। बताया कि अनेक प्रयासों के बावजूद मुझे शिकायतें मिल रही हैं। इस बारे में सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चावल मिलों की स्टेटस रिपोर्ट और फिजिकल वेरीफिकेशन के बारे में भी सख्ती और समयबद्ध काम करने के निर्देश दिए। मंत्री नागर ने मीडिया को बताया कि हम लगातार हरियाणा में सरकारी राशन की वितरण व्यवस्था को सुधारने में लगे हुए हैं। इसको लेकर अधिकारी से लेकर जिला के खाद्य आपूर्ति अधिकारी तक सभी को मिलकर जनता की सेवा करने का मूल मंत्र दिया गया है। इसमें सर्वाधिक शिकायतें राशन के पहुंचने और वितरण की हैंए जिन पर हम जल्द ही काबू पा लेंगे।

### केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने एकता पदयात्रा में कहा-

# युवाओं की सहभागिता से मजबूत हो रही देश की एकता

अखंड भारत निर्माण सरदार पटेल की दूरदृष्टि का परिणाम

पदयात्रा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया। उनके साथ एनआईटी विधायक सतीश फागना, बल्लभगढ़ से भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल छोकर और महिला जिला अध्यक्ष ममता राघव भी सम्मिलित रहीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर देशभर में चल रहे सरदार 150 जयंती के अवसर पर पदयात्रा अभियान के तहत मंगलवार को बल्लभगढ़ में एकता और सद्भावना को समर्पित भव्य यूनिटी पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया। उनके साथ एनआईटी विधायक सतीश फागना, बल्लभगढ़ से भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल छोकर और महिला जिला अध्यक्ष ममता राघव भी सम्मिलित रहीं। यह पदयात्रा सेक्टर-3, रॉयल फार्म जाट धर्मशाला के निकट से तिगांव रोड होते हुए अटल ऑडिटोरियम बल्लभगढ़ तक पहुंची।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त बनाने का प्रयास



केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और नेतृत्व में देशभर में एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य यूनिटी मार्च एकता मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 31 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक देश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र और जिले में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में युवा सहभागिता कर रहे हैं और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता का सशक्त संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश प्रथम, देश पहले की भावना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का मूल आधार है। सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को नमन करते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर स्वतंत्र भारत का स्वरूप देने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह स्पष्ट संकल्प है कि जब भारत 2047 में आजादी की सौवीं वर्षगांठ मनाएगाए तब भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व के समक्ष खड़ा होगा।

बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि पूरे देश और विश्व में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण का महान कार्य सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया।

### निगम को मिला 2 करोड़ का पुरस्कार

# जल भागीदारी पर गाजियाबाद ननि का यूपी में दूसरा व भारत में 5वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद




नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जल संचय को बढ़ावा दिया गया है। जलकल विभाग द्वारा 11406 जल संचयन के लिए स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। जिसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग के साथ-साथ तालाबों का भी जीर्णोद्धार किया गया है, जल शक्ति मंत्रालय तथा मिनिस्ट्री आफ हाउसिंग अर्बन अफेयर द्वारा गाजियाबाद नगर निगम को भारत में पांचवा तथा उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान दिया है। जिसके लिए जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विज्ञान भवन दिल्ली में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में गाजियाबाद नगर निगम को पुरस्कृत किया गया। जल शक्ति मंत्रालय से केंद्रीय मंत्री सी आर पाटिल के द्वारा महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया, भारत के अनेकों प्रदेशों से आए हुए अतिथियों ने भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे जल संचय जल भागीदारी के कार्यों की सहाना की गई। राष्ट्रीय भी उपस्थित जनों का उत्साह वर्धन किया। गाजियाबाद नगर निगम को इसी कार्य करने हेतु 2 करोड़ का पुरस्कार भी नगर निगम को मिला, कार्यक्रम में मौके पर महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद तथा अधिशासी अभियंता जल आस कुमार भी उपस्थित रहे।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि लगातार शहर हित में कार्य करने के साथ-साथ अपनी एक पहचान विश्व स्तर पर भी बना रहा है वही जलसंचय जल भागीदारी कार्यक्रम में गाजियाबाद की प्रशंसा हुई है जो की सराहनीय है, जलकल विभाग द्वारा जन सहभागिता से शहर वासियों को भी जल संचयन के प्रति जागरूक किया गया है, एक बार फिर गाजियाबाद का मान ऊंचाइयों पर पहुंचा है।

### सुनील सरधानिया के कहने पर की थी हत्या

# रोहित शौकीन हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



खेड़कीदौला थाना क्षेत्र में करीब ढाई महीने पहले प्रॉपर्टी डीलर रोहित शौकीन की गोलियों से भूनकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाश गैंगस्टर सुनील सरधानिया गैंग के हैं और सरधानिया के कहने पर ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। बदमाशों ने शौकीन को 25 से अधिक गोलियां मारकर हत्या की थी। दोनों बदमाशों को पुलिस ने गत सोमवार को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश कर दोनों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में अब तक आठ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

दरअसल, 4 अगस्त 2025 को एसपीआर रोड के निकट प्रॉपर्टी डीलर रोहित शौकीन की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस केस में शुभम, सुदीप, गौतम, शक्ति, कमल व कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद मानेसर क्राइम ब्रांच ने इस मामले में हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले दो और आरोपी पदम उर्फ राजा निवासी सोनीपत व विनोद उर्फ पहलवान निवासी झज्जर को गिरफ्तार किया है।

### साइबर थाना एनआईटी की कार्रवाई

# फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर 4 करोड़ से अधिक की ठगी, खाताधारक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



साइबर थाना एनआईटी की टीम ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर डॉक्टर से लगभग 4.5 करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में एक और खाताधारक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 अक्टूबर को सेक्टर 9 निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी डेटिंग वेबसाइट पर एक लड़की से बातचीत हुई जिसके बाद व्हॉट्सएप कॉल पर भी बातचीत हुई। लड़की ने बताया कि वह और उसका भाई फॉरेक्स ट्रेडिंग में पैसा लगा मोटा मुनाफा कमाते है। फिर उनके द्वारा शिकायतकर्ता का निवेश के लिये वेबसाइट पर एक अकाउंट बनाया गया। जहां पर अप्रैल से जून 2025 के बीच शिकायतकर्ता ने अलग-अलग ट्रॉंजेक्शन के जरिये कुल 4,43,68,974 रुपए निवेश किए और जब पैसे निकालने चाहे तो नहीं निकाल पाया। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खिलाफत को गिरफ्तार किया है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए भरण-पोषण एवं कल्याण पर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण फरीदाबाद ने वरिष्ठ नागरिक क्लब, सेक्टर-21 और वरिष्ठ नागरिक फोरम, सेक्टर-7ए फरीदाबाद में दो विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में वरिष्ठ नागरिक एवं माता-पिता भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग के दिशा-निर्देशानुसार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रितु यादव की देख-रेख में आयोजित किया गया।

### अपने बच्चों से भरण-पोषण मांग सकते हैं



शिविर में सीजेएम रितु यादव ने बताया कि यह कानून वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और देखभाल के लिए बनाया गया है। उन्होंने समझाया कि माता-पिता या वरिष्ठ नागरिक आवश्यकता पड़ने पर अपने बच्चों से भरण-पोषण मांग सकते हैं और कानून उन्हें पूरा अधिकार देता है कि वे अपनी शिकायतें आसानी से प्रस्तुत कर सकें।

### अमेरिका में रची साजिश, फ्रांस और स्विजरलैंड में बने फर्जी दस्तावेज

# विदेश में रह रहे दंपत्ति की करोड़ों की प्रॉपर्टी हड़पने की साजिश रचने वाला एयरपोर्ट से काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

विदेश में रह रहे दंपत्ति की करोड़ों रुपए की संपत्ति हड़पने की साजिश रचने के आरोपी को पुलिस ने एयरपोर्ट से काबू कर लिया है। आरोपी लंदन से लौटा था और उसने अमेरिका में बैठकर पूरी साजिश रची थी। प्रॉपर्टी डीलर ने जब असली मालिक से संपर्क किया तो पूरी साजिश का खुलासा हुआ। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

पुलिस के मुताबिक, 3 जनवरी 2023 को एक व्यक्ति ने विदेश से गुरुग्राम पुलिस को एक शिकायत दी। यह शिकायत सदर थाना पुलिस के माध्यम से आर्थिक अपराध शाखा को मिली। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके दो मकान सेक्टर-31 में हैं जिसके वह तथा उसकी पत्नी मालिक हैं। 4 सितंबर 2021 को उनके पास एक प्रॉपर्टी डीलर का फोन आया जिसने बताया कि उनके बेटे करण भटनागर को इन दोनों मकानों के बदले 15 लाख रुपए एडवांस दिए है और मकान की बकाया पेमेंट में से एक करोड़ रुपए वह आरटीजीएस के माध्यम से उनके बैंक खाते में ट्रांसफर कर रहे हैं। इस पर उन्होंने फोन करने वाले प्रॉपर्टी डीलर को बताया कि उनका कोई बेटा नहीं है और न ही उन्होंने यह प्रॉपर्टी बेची है।

### जीपीए, पॉजेशन लेटर व पासपोर्ट की फोटो भेजी



इस पर प्रॉपर्टी डीलर ने उन्हें एक जीपीए, पॉजिशन लेटर व पासपोर्ट की फोटो भेजी जो कि फर्जी थी। उन्होंने प्रॉपर्टी डीलर को बताया कि यह दस्तावेज न तो उनके हैं और न ही उन्होंने जारी किए हैं। वह तो यूएसए में रहते हैं। इस पर उन्होंने इसकी शिकायत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को दी तो उन्हें पता लगा कि उनके कथित बेटे ने यह प्रॉपर्टी पंजाब के रहने वाले लखविंद्र सिंह को ट्रांसफर कर दी है। जहां से उन्हें लखविंद्र सिंह और फर्जी करण भटनागर की फोटो मिल गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद उनके पास कई प्रॉपर्टी डीलर के फोन आए जो कि नाम बदल-बदल कर उनकी प्रॉपर्टी को बेचने का प्रयास कर रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### लंदन से लौटते ही एयरपोर्ट पर धराया आरोपी

जब पुलिस ने लखविंदर सिंह के घर पर रेड की तो पता लगा कि वह साल 2022 में लंदन यूके जा चुका है। इस पर पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों से संपर्क किया और उसे भारत बुलवाया। 17 नवंबर को आरोपी जैसे ही लंदन से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा वैसे ही उसे पुलिस ने काबू कर लिया। आरोपी की पहचान नवा शहर पंजाब निवासी लखविंदर सिंह (31) के रूप में हुई।

### जर्नल पावर ऑफ अटॉर्नी स्विट्जरलैंड से रजिस्टर्ड करवाई

पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने पीड़ित दंपत्ति का बेटा करण भटनागर बनकर फ्रांस से उनके नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाए। उन पासपोर्ट के आधार पर एक जर्नल पावर ऑफ अटॉर्नी स्विट्जरलैंड से रजिस्टर्ड करवाई। वहीं जीपीए को एंबेसी के माध्यम से भारत मंगवाकर कलेक्टर कार्यालय, गुरुग्राम में रजिस्टर्ड करवा ली। इसके बाद धोखाधड़ी से इसको एचएसवीपी में प्रॉपर्टी की फाइल में संलग्न करवा दिया और फर्जी जीपीए के आधार पर करण भटनागर ने यह प्रॉपर्टी मार्च-2021 में एचएसवीपी कार्यालय में आकर लखविंदर सिंह के नाम ट्रांसफर परमिशन रजिस्टर्ड करवा दी। आरोपी लखविंदर सिंह ने बताया कि प्रापर्टी इसे करण भटनागर ने ट्रांसफर करवाई थी और इस प्रॉपर्टी को ट्रांसफर परमिशन के आधार पर वर्ष-2021 व वर्ष-2022 से बार-बार बेचने की कोशिश कर रहा था। फिर यह अक्टूबर-2022 में यह इसकी पत्नी (स्टूडेंट वीजा) के साथ डिपेंडेंट वीजा पर यूनाइटेड किंग्डम चला गया व सितंबर-2025 में इसके डिपेंडेंट वीजा की अवधि खत्म होने पर इसे लंदन से वापिस भेज दिया गया।

### आतंकियों का अड्डा बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी पर चलवाया जाए बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

धौज के पास स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी को लेकर फरीदाबाद में भाजपा का बड़ा बयान आया है। फरीदाबाद भाजपा उपाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि अलफलाह यूनिवर्सिटी आतंकियों का अड्डा है और तुरंत इस पर बुलडोजर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि यहीं के आतंकवादी उमर दिल्ली में ब्लास्ट कर 10 से अधिक लोगों की जान ले ली और यहीं पढ़ाने वाले आतंकी डाक्टर मुजम्मिल के कमरे से बरामद विस्फोटक ने जम्मू-कश्मीर के एक थाने के कई पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों की जान ले ली।

भाजपा उपाध्यक्ष ने कहा कि अब तो आतंकी उमर नबी खुद बयान दे रहा है और दिल्ली ब्लास्ट के पहले उसने जो वीडियो बनाया अब वो जांच एजेंसियों और मीडिया के पास आ गया है। भड़ाना ने कहा कि आतंकी का ये वीडियो हैरान कर देने वाला है । ये आतंकी अल फलाह यूनिवर्सिटी का ही था। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार और हरियाणा पुलिस अभी अच्छा काम कर रही है। मंगलवार को डीजीपी ओपी सिंह भी अल फलाह यूनिवर्सिटी पहुंचे थे और ईडी के अधिकारी भी एक्शन में हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री साहिल अली उर्फ खजूरी पुत्र श्री बरकर्त अली निवासी मकान नंबर 53ए, पुराना 566, सैनी वाली गली, रामपुरा, दिल्ली** ने **FIR No. 530/2024 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री साहिल अली उर्फ खजूरी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री साहिल अली उर्फ खजूरी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 530/2024 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्री साहिल अली उर्फ खजूरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री संयम जैन**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी– 04
उत्तर–पश्चिम, कमरा संख्या–112, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/15309/NW/2025(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सैमुअल पुत्र उचे निवासी मकान नंबर 14, पहली मंजिल, खसरा नंबर 32/02, चंदर विहार, निलोठी दिल्ली** ने **FIR No. 1124/2024 U/S 14/14C Foreigners Act, अन्तर्गत निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सैमुअल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सैमुअल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 1124/2024 U/S 14/14C Foreigners Act, अन्तर्गत थाना निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सैमुअल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.12.2025** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री कोमल गर्ग**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (पश्चिम)
कमरा नंबर 292
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15500/OD/2025(Court Matter)

## सीएम ने 40 नई इलेक्ट्रिक बसों को किया रवाना

# प्रदूषण कम करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में भाजपा की सरकार राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को विश्वस्तरीय बनाने और प्रदूषण कम करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को आजादपुर स्थित डीटीसी के नव निर्मित आधुनिक बस टर्मिनल के शुभारंभ के मौके पर 40 नई इलेक्ट्रिक बसों को रवाना करने से पहले मंच से संबोधित करते हुए यह बात कही।



इस दौरान उन्होंने बताया कि अपनी इसी योजना के तहत सरकार ने अपने आठ माह के कार्यकाल में 1,400 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने भी बसों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार भाटिया, परिवहन विभाग, डीटीसी के अन्य विभागों के गणमान्य जन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने पूर्व सरकारों द्वारा दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) से संबंधित अनियमितताओं और लापरवाहीपूर्ण नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार डीटीसी को फिर से एक मजबूत, लाभकारी और पूर्णतः सक्षम संस्था के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आधुनिक बस टर्मिनल, इलेक्ट्रिक बसें और बेहतर कनेक्टिविटी दिल्ली के नागरिकों को आरामदायक, सुरक्षित और प्रदूषण-रहित परिवहन उपलब्ध कराएंगी। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने यह भी बताया कि आज से शुरू की गई 40 इलेक्ट्रिक बसें लो-फ्लोर, एयर कंडीशंड, सीसीटीवी, पैनिक बटन एवं रियल-टाइम ट्रैकिंग सुविधाओं से युक्त हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग रूट-डिमांड के आधार पर लगातार बसों की संख्या बढ़ा रहा है और यह प्रक्रिया आगे भी तेज़ी से जारी रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल स्क्रीन, साइनेज और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है। बस टर्मिनल से 21 प्रमुख मार्गों पर कुल 116 बसों का संचालन किया जाएगा, जिनमें अधिकतर इलेक्ट्रिक बसें होंगी।

### सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने में मील का पत्थर : डॉ पंकज

कार्यक्रम में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आज़ादपुर बस टर्मिनल का पुनर्विकास दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में यात्री सुविधाओं, सुरक्षित यात्रा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक परिवहन के क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह नया टर्मिनल आधुनिक वेटिंग एरिया, बेबी-फीडिंग रूम, बस पास अनुभाग, लॉकर, यात्री उपयोगिताएं, शेड वाले प्लेटफ़ॉर्म, सोलर पैनल, सीसीटीवी, बायो डाइजेस्टर और ग्रीन एनर्जी आधारित प्रणाली जैसी सुविधाओं से युक्त है।

## 'यमुना में चलने जा रहे क्रूज़ सेवा से दिल्ली को मिलेगी नई पहचान'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- यमुना नदी पर प्रस्तावित क्रूज़ सेवा की तैयारियों का हुआ उच्च-स्तरीय निरीक्षण
- एडब्ल्यूएआई और दिल्ली सरकार के बीच हुआ एमओयू

दिल्ली स्थित यमुना में पहली बार चलने जा रहे क्रूज़ सेवा से दिल्ली को नई पहचान मिलेगी। इसके साथ ही रोजगार अवसरों में वृद्धि होगी, पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

दिल्ली के सोनिया विहार में यमुना नदी पर शुरू होने जा रही क्रूज़ सेवा की तैयारियों के संयुक्त उच्च-स्तरीय निरीक्षण के बाद दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने बताया कि यमुना नदी पर दिल्ली की पहली क्रूज़ सेवा राजधानी दिल्ली में जल-परिवहन प्रणाली को आधुनिक रूप देने की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। सरकार से मिली जानकारी के अनुसार इस संयुक्त निरीक्षण में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना, दिल्ली सरकार में जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने संयुक्त रूप से भाग लिया। बताया गया कि इस परियोजना के लिए इनलैंड वाटरवेज़ अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एडब्ल्यूएआई) जो कि केंद्र सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन कार्यरत है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू सोनिया विहार से जगतपुर तक रिवर क्रूज़ टूरिज्म को सशक्त करने और यमुना को 'दिल्ली की नई पहचान' के रूप में विकसित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक सहयोग का आधार बनेगा।

## निगम उपचुनाव : दो उम्मीदवारों के चुनाव कार्यालय का कांग्रेस ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निगम उपचुनाव में दक्षिणपुरी वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम और नारायणा वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज कुमार तंवर के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव दिल्ली के सह प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी ने किया। इस अवसर पर डैनी और दोनों उम्मीदवारों के अलावा पूर्व मंत्री डॉक्टर नरेंद्र नाथ, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा और महेंद्र भास्कर, आर्ब्जवर जितेन्द्र कुमार कोचर सहित अन्य मौजूद थे। अपने संबोधन में डैनी ने कहा कि दिल्ली में लोग पहले आम आदमी पार्टी और अब भाजपा सरकार से बुरी तरह परेशान हैं। निगम में पहले भाजपा ने कई साल तक शासन करते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ाया। वहीं बाद में निगम में आप पार्टी आई लेकिन उसने भी जमकर भ्रष्टाचार ही किया। उन्होंने आरोप लगाए कि निगम हो या दिल्ली सरकार, दोनों में भाजपा व आम आदमी पार्टी ने लोगों के लिए कुछ नहीं किया।

अब एक बार फिर लोगों को कांग्रेस सरकार के समय हुआ विकास रह रहकर याद आ रहा है। लोग कहते है कि कांग्रेस के अलावा कोई पार्टी न विकास कर सकती है न शासन चला सकती है। डैनी ने आह्वान किया कि निगम उपचुनाव में पार्टी कार्यकर्ता व मतदाता मिलकर भाजपा व आप पार्टी को मुंहतोड़ जबाब दें।

## पांचवे दिन भी दिल्ली में न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज

**नई दिल्ली।** राजधानी में लगातार पांचवें दिन मंगलवार को न्यूनतम पारा लुढ़ककर 9 डिग्री के करीब दर्ज हआ। आसमान पर हल्के बादल भी दिखे लेकिन बिन बरसे ही आगे निकल गए। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सफदरजंग वेधशाला ने दिल्ली में सुबह के समय न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.7 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी ने बताया कि सफदरजंग वेधशाला ने अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि पालम में 10.9, लोधी रोड में 9.6, रिज एरिया में 10.9, नजफगढ़ 11.9, मयूर विहार 11.1 और आया नगर में 9.3 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। आईएमडी ने अनुमान जताते हुए कहा कि अगले चार पांच दिन राजधानी में ऐसे ही मौसम का मिजाज देखने को मिलेगा। बारिश को लेकर मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार से अगले दो तीन दिन आसमान पर बादल छाए रहेंगे। लेकिन बारिश होने की उम्मीद बहुत कम दिखाई दे रही है। मौसम वैज्ञानिक आर के गुलेरिया का कहना है कि दिल्ली में लगातार तापमान 9 डिग्री व इससे नीचे दर्ज हो रहा है। लेकिन, इसके बावजूद राजधानी में शीतलहर नहीं चल रही।

## संगठनात्मक शक्ति के बल पर जीतेंगे दोनों वार्ड: भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- दिचाऊँ कलां एवं द्वारका बी वार्डों में ली चुनावी बैठकें

दिल्ली नगर निगम के उपचुनाव के लिए मंगलवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा ने दिचाऊँ कलां एवं द्वारका बी वार्डों में चुनावी बैठकें लीं। पवन राणा ने दावा करते हुए कहा कि नजफगढ़ जिला क्षेत्र भाजपा का गढ़ हैं और दिचाऊँ कलां एवं द्वारका बी दोनों ही वार्ड कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर 2022 में भी हमारे पक्ष में रहे थे और पुनः हम संगठनात्मक शक्ति के बल पर दोनों वार्ड जीतेंगे। ग्रेटर कैलाश वार्ड की प्रत्याशी अंजुम मंडल ने संत नगर में अनेक परिवारों के साथ ड्राइंग रूम बैठकें की एवं चांदनी चौक वार्ड के प्रत्याशी सुमन कुमार गुप्ता ने दरीबा बाजार की गलियों में घर घर जाकर चुनावी अभियान चलाया। द्वारका बी वार्ड में सांसद कमलजीत सहरावत एवं विधायक संदीप सहरावत ने ग्रीन वैली सेक्टर 22 में प्रत्याशी मनीषा सहरावत के साथ जनसम्पर्क किया। शालीमार बाग वार्ड से प्रत्याशी अनीता जैन के साथ आज हनुमान वाटिका एवं ईस्ट पार्क में एन.डी.एम.सी. उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने जनसम्पर्क किया।


An Appeal To Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modiji
"Save Indian Secondary Steel and MSME Steel Industry"

"Secondary Steel Dying due to shortage & abnormal price of Iron ore and pellets"
"Secondary Steel (MSME) contributes 40% production & 80% Jobs in Steel Sector"



ISSUES

Abnormally High Domestic Iron Ore Price due to shortage and export.

(A) 20 million tons of medium Grade iron ore fines (51% to 58%) export by Mining and steel companies at zero export duty.

(B) Duty Free Export of High grade Iron ore Pellets (Substitutes to Iron Ore Lumps).

(C) Export of iron Ore fines and Iron ore pellets by Mining companies having Mines at 0 Premium to create shortage in domestic market.

- Current Auction Model of Iron Ore Mines with no Cap on Premium making Auction Model Unsustainable and unviable for large scale Merchant Mining.
- Beneficiation plants lying idle due to non availability of 51 to 58% Fe. Fines at viable price due to Export at '0 duty'.
- Huge Disparity in Iron Ore Price for Steel Units having non auction category Mines at 0 premium compared with Steel Units with Auction mine or No Mine (Iron Ore Price Disparity up to 300%).

APPEAL

"Make India World's Cheapest Producer of Quality Steel" and "Level Playing Domestic Market" to achieve target of "Viksit Bharat Vision 2047"

(1) Levy of 30% Export duty on Medium Grade iron ore fines above 51% Fe. Content.

(2) Complete Ban on High Grade iron ore pellet export or levy of Min. 30% export duty.

(3) Change of Auction Model to a more Sustainable Model with cap on Max Premium to promote Large scale Merchant Mining.

(4) Long term Linkage to all Secondary steel units (having no Iron ore Mines) from PSU Mining Companies on Cost plus 50% profit.

(5) SAIL, NMDC, OMC having an Environment Clearance of 185 million tons/annum & producing 125 million tons only. Request to immediately increase production & supply at reasonable rate.

(6) Steel & Mining Companies having mines at 0 premium must be banned from export of iron ore including pellets and must not be allowed to purchase iron ore from PSU'S to inflate price.

Hon'ble Sir, आपने कहा था "ऐसा कोई देश देखा है जहाँ से गेहूँ निर्यात होता है, और चपाती आयात"
We believe in you and we sincerely appeal to please "Kindly levy 30% export duty on all grade iron ore & pellets"

On Behalf of
"Secondary Steel Units of : Chhattisgarh, West Bengal, Odisha, Jharkhand, Karnataka, Maharashtra, Andhra Pradesh"
CGSIMA, WBSIMA, WBISMWA



# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

लाइफ Style

# सारा

## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।




हॉलीवुड मसाला

# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर



**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स'में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





# अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह



### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



# वेस्ट यूपी को मिली दो नई ट्रेनों की सौगात, 24 को रेल मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए खुशखबरी है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली-सहारनपुर वाया बागपत-शामली मार्ग पर दो नई पैसेंजर ट्रेनें शुरू की हैं। 24 नवंबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और जयंत चौधरी बड़ौत रेलवे स्टेशन से इन्हें हरी झंडी दिखाएंगे। रालोद नेता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। इन ट्रेनों से बागपत, शामली, सहारनपुर, गाजियाबाद और दिल्ली के यात्रियों को सुविधा होगी।

एजेंसी ▶▶ बागपत

पश्चिम उप्र के करोड़ों लोगों के लिए अच्छी खबर। रेल मंत्रालय ने दिल्ली सहारनपुर वाया बागपत-शामली रेल मार्ग पर दो नई पैसेंजर ट्रेन दी हैं। 24 नवंबर को रेल मंत्री अश्वनि वैश्णव तथा कौशल विकास राज्य मंत्री जयन्त चौघरी बागपत के बड़ौत रेलवे स्टेशन पर दोनों नई पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर संचालन शुरू कराएंगे।

## बागपत से सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने रेल मंत्री से मांग की थी



रालोद नेताओं ने रेल मंत्री तथा कौशल विकास मंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने की कवायद तेज कर दी। बागपत से सांसद डा. राजकुमार सांगवान ने दिल्ली-सहारनपुर वाया बागपत-शामली रेल मार्ग पर यात्रियों की समस्या को लेकर रेल मंत्री से दो नई पैसेंजर ट्रेन मांगी थी। रेल मंत्री ने उनकी मांग पूरी कर दो नई ट्रेन दे दी हैं।

रालोद जिलाध्यक्ष डॉ. सुभाष गुर्जर ने बताया कि 24 नवंबर को प्रातः 11 बजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री एवं रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी बड़ौत रेलवे स्टेशन पर दोनों नई पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर संचालन शुरू कराएंगे। इस दौरान वे रेलवे स्टेशन के ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए रालोद ने तैयारी शुरू कर दी है। कार्यक्रम में रालोद लोकदल के सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, राष्ट्रीय तथा प्रांतीय स्तर के जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य जिला पंचायत, वर्तमान एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख, नगर निकायों के चेयरमैन व क्षेत्रीय पदाधिकारियों को जनसभा में आमंत्रित किया गया है। बताते चलें कि दोनों नई ट्रेनों का संचालन होने से बगापत, शामली, सहाररनपुर, गाजियाबाद तथा दिल्ली के लोगों को सफर सुहाना होगा।

## खबर संक्षेप

### थानों में सीसीटीवी लगाने का आदेश




रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन सरकार को प्रदेश के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि यह कार्यवाही तय समयसीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए ताकि थानों में होने वाली हर गतिविधि पारदर्शी रहे। झारखंड हाईकोर्ट ने प्रॉपर्टी रिएल्टी प्रा. लि., शौभिक बनर्जी सहित अन्य की ओर से दाखिल एक याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया।

### जरूरतमंदों का राशन हजम कर रहे अमीर



रायबरेली। जिले में अमीर लोग जरूरतमंदों के हक को हजम कर रहे हैं। शासन स्तर पर इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट ऑफ पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम की जांच में यह सच सामने आया है। हर माह मुफ्त में राशन ले रहे करीब 29 हजार अपात्र पकड़ में आए हैं। जिले में 4082 वाहन मालिक, 18236 आयकर दाता व 54 जीएसटी रिटर्न भरने वाले गरीब बनकर हर माह 4500 क्विंटल मुफ्त राशन हजम कर रहे हैं।

### रेलवे जोनल ऑफिस में सीबीआई की रेड




हाजीपुर। बिहार के हाजीपुर में सीबीआई ने मंगलवार को पूर्व मध्य रेल के क्षेत्रीय कार्यालय में छापेमारी की। इस छापेमारी में निर्माण विभाग के एक वरिष्ठ इंजीनियर और दो निजी कर्मियों सहित तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इस दौरान घूस के मद में दिए जा रहे एक करोड़ रुपए की भी बरामदगी हुई है।

## अपराध कतई स्वीकार नहीं करता नया यूपी

# सीएम योगी ने दी चेतावनी- क्राइम किया तो चुकानी ही होगी कीमत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद का नया उत्तर प्रदेश अपराध को कतई स्वीकार नहीं करता है। यदि किसी ने यहां अपराध करने की जुर्रत की तो उसे हर हाल में उसकी कीमत भी चुकानी होगी।

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि नया उत्तर प्रदेश अपराध को स्वीकार नहीं करता, और अगर लूट या छिनैती की कोई घटना होती है, तो कुछ ही घंटों में अपराधी जेल में लंगड़ाता हुआ दिखाई देता है। आदित्यनाथ ने कहा, आप देख रहे हैं कि कहीं भी अपराध नहीं हो रहा है, और अगर लूट या छिनैती की कोई घटना होती है, तो कुछ ही घंटों में अपराधी लंगड़ाता हुआ जेल में दिखाई देता है। यह नया उत्तर प्रदेश है जो अपराध को स्वीकार नहीं करता। अपराधियों को यह एहसास दिलाया जाता है कि अगर उन्होंने कोई अपराध किया, तो उन्हें उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### राज्य में पुलिसिंग में कमिश्नरी प्रणाली को लागू किया



उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि आदित्यनाथ गोरखपुर जिले में उन्नत क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (आरएफएसएल) के उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में पुलिसिंग में कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की मांग कई दिनों से चल रही थी। आदित्यनाथ ने कहा, यह 50 साल पुरानी मांग है। इसे पहली बार 1970 में उठाया गया था, लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका। हमने 2020 में इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। अब तक सात जिलों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की जा चुकी है। यह पुलिस आधुनिकीकरण का एक हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सत्ता में आने के बाद से उनकी सरकार ने 17 नगर निगमों, नोएडा और ग्रेटर नोएडा को एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र से जोड़कर और 13 लाख से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाकर सुरक्षित शहर बनाया है। इस कार्यक्रम में, उन्होंने 72.78 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित छह मंजिला आधुनिक आरएफएसएल सुविधा की भी सराहना की।

### मॉडर्न पुलिस के लिए गेम चेंजर बनेगी फॉरेंसिक साइंस लैब

सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर में अपग्रेडेड फॉरेंसिक साइंस लैब में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी जो सटीक जांच करेंगी। यह लैब मॉडर्न पुलिस के लिए गेम चेंजर साबित होगी। त्वरित और पुख्ता जांच होने से लोगों को समय से सुसंगत न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक साइंस लैब अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का ही हिस्सा हैं।

### फॉरेंसिक साइंस लैब्स से रोजगार का सृजन भी होगा

सीएम योगी ने कहा कि फॉरेंसिक साइंस लैब्स से युवाओं के लिए नए रोजगार का सृजन भी होगा। इसके लिए सरकार ने लखनऊ में यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस की स्थापना की है। यहां लैब टेक्नीशियन के लिए सर्टिफिकेट, लैब में साक्ष्य मिलान करने वालों के लिए डिप्लोमा और विशेषज्ञ के लिए डिग्री कोर्स शुरू किए गए हैं। फॉरेंसिक साइंस लैब्स नए समय में नए अपराधों को रोकने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध कराने के प्रयासों का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में एडवांस डीएनए डायग्नोस्टिक, एआई, ड्रोन, रोबोटिक लैब उपलब्ध है। यहां नैनो से लेकर 40 किलो वजनी ड्रोन संचालित किए जा सकते हैं।

## सीएम सैनी ने की घोषणा

# गुरु तेग बहादुर सिंह होगा कृषि महाविद्यालय का नाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देने वालों का जब भी जिक्र होता है तो गुरु तेग बहादुर जी का नाम सबसे ऊपर लिया जाता है। उन्होंने उक्त शब्द यमुनानगर के कलेसर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में उनके नाम पर वन, वन्य जीव एवं जैव विविधता संरक्षण ब्लॉक का उद्घघाटन करते हुए कहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु तेग बहादुर जी वन एवं वन्य जीव संरक्षण ब्लॉक में विद्यार्थियों के साथ 350 पौधे लगाए और इस राष्ट्रीय उद्यान में सफारी ट्रेल का शुभारंभ और श्री गुरु तेग बहादुर द्वार का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने एआई आधारित मॉनिटरिंग टॉवर, ट्री कैनोपी वॉक और तीन स्तरीय वॉच टावरों का शिलान्यास भी किया।

### साकार किया करतारपुर कॉरिडोर का संकल्प

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण करवाया गया, जिससे श्रद्धालुओं को पवित्र गुरुघर के दर्शन करने और अरदास का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हरियाणा सरकार भी गुरुओं और महापुरुषों की परंपराए शिक्षा और त्याग को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरसा स्थित चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम से एक चेयर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है ताकि नई पीढ़ियां गुरु जी के जीवन, दर्शन और बलिदान पर शोध कर सकें। पंचकूला से पोंटा साहिब तक की सड़क का नाम श्री गुरु गोविंद सिंह जी के नाम पर रखा गया है।

### अनूठे अभियान के तहत 1.87 करोड़ पौधे लगाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम रूपी अनूठे अभियान के तहत 1.87 करोड़ पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि शहरी वानिकी को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष योजनाएं शुरू की हैं। ताकि शहरों में भी हरियाली बढ़े। नायब सिंह सैनी ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही प्रकृति से जोड़ना होगा। ताकि वे बड़े होकर पेड़ों के महत्व को आसानी से समझ सकें। इसके लिए हर स्कूल प्रकृति शिक्षा को अपनाएं और हर परिवार एक पौधा अवश्य लगाएं।

## पेज एक का शेष

### आतंकवाद को लेकर ....

संबोधित करते हुए दी है। जिसमें उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों (टैरिफ से जुड़ा आर्थिक संकट) के मामले पर भी अपने विचार साझा किए। विदेश मंत्री की इस रूस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अगले दिसंबर महीने में भारत-रूस के बीच होने वाले 23 वें वार्षिक शिखर सम्मेलन को लेकर की जाने वाली भारत यात्रा से जुड़ी हुई तैयारियों को अंतिम रूप देना भी है। अपने संबोधन में हालांकि जयशंकर ने किसी देश विशेष का नाम लेकर उल्लेख नहीं किया। लेकिन उनका संदेश जिसे जाना था वो पूरी तरह से चला गया।

### दिसंबर के पहले ....

चुनाव चल रहे हैं, और 9 दिसंबर को पहले चरण का मतदान है, उसी दिन बूथ लेवल अधिकारियों को अंतिम सूची देने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि केरल विधानसभा ने एसआईआर प्रक्रिया को स्थगित करने का प्रस्ताव पारित किया है, लेकिन चुनाव आयोग नहीं सुन रहा है। अत्यधिक कार्य दबाव के कारण बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं; उन्हें एक महीने के भीतर प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने असम का भी उल्लेख करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने असम के लिए एक अलग विशेष पुनरीक्षण की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह देश में लोकतंत्र को कमजोर करने का भयावह प्रयास है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा और नरेंद्र मोदी के इशारे पर काम कर रहा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि एसआईआर में निशाना बनाकर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं और चुनाव आयोग ने जैसी नीति बिहार में अपनाई, वही बाकी राज्यों में भी दोहराई जाएगी। पवन खेड़ा ने याद दिलाया कि कांग्रेस बिहार चुनाव के पहले से ही एसआईआर को लेकर सवाल उठा रही है और बिहार में वोटर अधिकार यात्रा भी निकाली गई थी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के बारे में सुप्रीम कोर्ट के पांच आदेश आए और पांचों ही चुनाव आयोग के खिलाफ रहे क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग की बदनीयती को स्पष्ट रूप से देखा। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस पार्टी ने देशभर में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिसमें पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर वोटर का अधिकार छीना जाएगा तो हम सब आवाज उठाएंगे और यह हमारा कर्तव्य है।

### पूर्वोत्तर में चीन....

सैन्यबलों की रणनीतिक तैयारियों का आकलन करना है। सेना ने एक्स पर पोस्ट में सेनाप्रमुख की इस यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि जनरल द्विवेदी ने अपनी यात्रा में सेना के कुल छह सेवानिवृत्त कर्मियों को वेटरन अचीवर्स अवार्ड से भी सम्मानित किया है। जिसके पीछे की वजह सेवानिवृत्ति के बाद राष्ट्र निर्माण, सामाजिक कल्याण और युवा सशक्तिकरण में उनका असाधारण योगदान है। सिक्किम का इलाका मूलरूप से सेना की 33 कोर के तहत आता है। जहां पर सेनाप्रमुख दो दिनों की यात्रा पर हैं।

**चीन संग संबंधों में सुधारों पर दिया जोरः** गौरतलब है कि सेनाप्रमुख की सिक्किम की ये यात्रा उनके द्वारा बीते सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम के दौरान भारत और चीन के बीच मधुर होते संबंधों की घोषणा के ठीक अगले दिन की गई है। जनरल द्विवेदी ने कहा था कि पिछले साल अक्टूबर महीने से दोनों देशों के संबंधों में सुधार देखने को मिल रहा है। यह एक प्रकार से लंबे समय से संबंधों में जमी हुई बर्फ के पिघलने के समान है। दोनों पक्षों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर जारी निरंतर संवाद का परिणाम है कि एलएसी पर स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला है।

**राजनीतिक नेतृत्व को दिया श्रेयः** उन्होंने ये भी बताया था कि भारत और चीन की सेनाओं के बीच बीते 12 महीने में कुल करीब 1100 बार जमीनी स्तर पर बातचीत हुई है। जिसका बेहद सार्थक परिणाम निकला है। 1100 बार बातचीत का मतलब दोनों पक्षों के बीच प्रत्येक दिन करीब तीन बार संवाद होने से है। संबंधों में सुधार का श्रेय सेनाप्रमुख ने दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व को दिया। साथ ही बताया कि हमारी बातचीत भी राजनीतिक नेतृत्व के साथ जारी रही। जनरल उपेंद्र द्विवेदी के मुताबिक, एलएसी पर स्थिति को हम जितना सामान्य करेंगे। उतना ही दोनों देशों के लिए अच्छा रहेगा। सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया काफी हद तक पूरी हो चुकी है। एक बार जब सीमा रेखा तय हो जाएगी। तो उसका आगामी वक्त में बातचीत की कवायद में काफी फायदा मिलेगा।

### 1 करोड़ का इनामी....

सुकमा (छत्तीसगढ़), पदः पीएलजीए बटालियन नंबर 1 का प्रमुख, नक्सलियों की सबसे घातक हमलावर यूनिट, वह सीपीआई (माओवादी) की सेंट्रल कमेटी का सबसे युवा सदस्य था, वह बस्तर क्षेत्र से सेंट्रल कमेटी में शामिल होने वाला एकमात्र आदिवासी था

### हाईटेक स्वदेशी चिप...

पासपोर्ट नहीं बना सकेगा। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करेगा। तो मौजूदा सिस्टम उसकी इस गड़बड़ी को तुरंत पकड़ लेगा। ई-पासपोर्ट हाईब्रिड होगा। जिसमें पेपर और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तत्वों का समावेश किया जाएगा। पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम वर्जन-2.0 के तहत शुरू की गई इस प्रक्रिया के साथ ही पुराने पासपोर्ट 2035 तक या अपनी वैधता की पुरानी समय अवधि तक मान्य रहेंगे। हवाईअड्डों पर मौजूद सिस्टम में चिप को लगाते ही उसमें मौजूद व्यक्ति के डेटा का वेरिफिकेशन हो जाएगा। जिससे इमीग्रेशन में सुविधा होगी। वर्ष 2035 तक देश में सभी को ई-पासपोर्ट मिलेगा। यह जानकारी मंगलवार को विदेश मंत्रालय के पासपोर्ट विभाग के सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने दी है। बताते चलें कि दुनियाभर में ई-पासपोर्ट की कवायद जारी है। करीब 100 देशों के पास हवाईअड्डों पर इमीग्रेशन के दौरान ई-पासपोर्ट के डेटा को पढ़ने और उसकी जांच करने वाली मशीनें लगी हुई हैं।

### 80 लाख ई-....

विदेशों में मौजूद भारतीय मिशनों और पोस्ट द्वारा जून-2025 तक जारी किए गए हैं। औसतन डेटा के हिसाब से प्रतिवर्ष 1.5 करोड़ और रोजाना 50 हजार ई-पासपोर्ट बनाए जाते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि चिप में मौजूद बायोमेट्रिक डेटा का आसानी से मिलान किया जा सकेगा। पूर्व में बायोमेट्रिक की अनिवार्यता तो थी। लेकिन इनका मिलान करने की व्यवस्था न होने की वजह से समस्या खड़ी हो जाती थी। लेकिन अब प्रत्येक व्यक्ति का डेटा एक इलेक्ट्रॉनिक चिप में सुरक्षित होने की वजह से बायोमेट्रिक की जांच के दौरान संबंधित केंद्र के सर्वर में मौजूद डेटा से उसका आसानी से मिलान किया जा सकेगा। जिससे कोई भी गड़बड़ी होने पर उसे आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

### यूं सुरक्षित रहेगा....

पूरी प्रक्रिया पासपोर्ट के मामले में उन्नत तकनीक के समावेश से जुड़ी हुई है। ई-पासपोर्ट की पहचान उसके आखिरी पेज से ठीक पहले लगी हुई एक छोटी से चिप की मदद से की जा सकेगी। जिसमें संबंधित व्यक्ति का जरूरी डेटा जैसे बायोमेट्रिक जानकारी, उसके चेहरे की तस्वीर, डिजिटल हस्ताक्षर और डेमोग्राफिक डेटा मौजूद रहेगा। इसके चोरी हो जाने या खो जाने पर भी चिप में मौजूद डेटा को फिर से हासिल किया जा सकता है। वहीं, पुलिस में शिकायत (एफआईआर) दर्ज होने के बाद संबंधित अधिकारी चिप को ब्लॉक कर डेटा को सुरक्षित कर सकते हैं। आईआईटी कानपुर ने इस चिप को बनाया है। मंत्रालय ने अपने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी) को उन्नत बनाने की घोषणा की थी। जिसके तहत पीएसपी वर्जन-2.0, ग्लोबल पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (जीपीएसपी वर्जन-2.0) और ई-पासपोर्ट मुख्य रूप से शामिल हैं। पीएसपी वर्जन-2.0 के तहत देश में 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, 93 पासपोर्ट सेवा केंद्र और 451 पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र काम कर रहे हैं। जीपीएसपी वर्जन-2.0 को इसी साल अक्टूबर महीने में जारी किया गया है।

### 2024 में शुरू ....

चरणबद्ध रूप से लागू किया गया है। जो मई 2025 में पूरी हो गई है। सिस्टम में पारदर्शिता, आमजन की सुविधा और इसकी प्रभावकारिता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### सभी लोकसभा क्षेत्रों ...

इसकी सुविधा मौजूद है। जबकि 32 क्षेत्रों को इन केंद्रों से लैस किया जाना बाकी है। मंत्रालय की योजना बाकी बचे हुए 32 लोकसभा क्षेत्रों में भी जल्द से जल्द पासपोर्ट केंद्र खोलने की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2014 में देश में 77 पासपोर्ट सेवा केंद्र थे। आज इनकी संख्या कई गुना बढ़कर 544 हो गई है।

## सोनभद्र खदान हादसा:7 शव बरामद

# हादसे के 72 घंटे बाद रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया बंद



एजेंसी ▶▶ सोनभद्र

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के ओबरा स्थित बिल्ली-मारकुंडी खनन क्षेत्र में बीते 15 नवंबर को हुए हादसे के बाद करीब 72 घंटे से चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार को बंद कर दिया गया। इस बचाव कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस के साथ-साथ ग्रामीण भी शामिल थे। सोनभद्र के डीएम बद्रीनाथ सिंह के मुताबिक अभी तक 7 शवों को बरामद किया गया है।

### कोई घायल व्यक्ति नहीं मिला

पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने पूरी खदान की दो बार जांच की. डीएम बद्रीनाथ सिंह ने पुष्टि की कि मलबे के नीचे से सात शवों के अलावा और कोई डेड बॉडी या घायल व्यक्ति नहीं मिला है। पूरी संतुष्टि के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन को बंद कर दिया गया। एसपी अभिषेक वर्मा के मुताबिक, खदान में बचाव कार्य को बंद कर दिया गया है। 72 घंटे तक चले इस सघन ऑपरेशन का मकसद मलबे के नीचे दबे अन्य पीड़ितों को खोजना था। बरामद किए गए शवों की कुल संख्या सात है।

### अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं

हादसे से जुड़े मामले में एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि फिलहाल अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## बोली- अश्लीलता करता था

# छेड़छाड़ से परेशान लड़की ने युवक की जीभ दांतों से काटी



एजेंसी ▶▶ कानपुर

जिले में बिल्हौर के एक गांव में शोहदे की हरकतों से तंग आकर एक युवती ने दांतों से शोहदे की चीभ काट ली। शोहदे को चिंताजनक हालत में इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है। वहीं, पुलिस युवती की तहरीर पर एफआईआर दर्ज करेगी।

इंस्पेक्टर बिल्हौर अशोक कुमार सरोज ने बताया कि एक गांव का चंपी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। चंपी आए गांव की एक युवती से अश्लीलता कर तंग किया करता है। सोमवार को युवती गांव के बाहर तालाब के पास मिट्टी लेने गई थी। इसकी भनक चंपी को लग गई। वह तालाब के पास पहले से ही मौजूद था। जैसे ही युवती आई उसने उसे दबोच लिया। और जबरदस्ती करने लगा। पीड़िता ने अपने बचाव में शोहदे चंपी की जीभ दांतों से चबाकर काट ली। खून से लथपथ चंपी को पुलिस सीएचसी बिल्हौर ले गई। जहां से उसे कानपुर रेफर किया गया है।

## भदोही में ट्रेन रोककर जांच शुरू, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

# गोरखपुर से मुंबई जाने वाली काशी दादर एक्सप्रेस में बम की सूचना पर हड़कंप

एजेंसी ▶▶ भदोही

स्टेशन पर बम की सूचना के चलते गोरखपुर से मुंबई जाने वाली 15018 अप काशी दादर एक्सप्रेस को रोक दिया गया। यह घटना उस समय हुई जब रेलवे पुलिस को स्टेशन पर बम की जानकारी आई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस के साथ जनपद पुलिस की टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए। सुरक्षा दस्तों को सतर्क करते हुए पूरी टीम सहित सक्रियता बढ़ा दी गई। स्टेशन पर यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए आवश्यक उपाय किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बम की सूचना की गंभीरता को देखते हुए सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। यात्रियों को आश्वस्त किया गया है कि उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना ने स्टेशन पर हलचल मचा दी, यात्रियों में चिंता का माहौल है। पुलिस ने सभी यात्रियों से संयम बनाए रखने की अपील की है। इस प्रकार की घटनाएं सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौतीपूर्ण होती हैं, लेकिन पुलिस ने अपनी तत्परता और पेशेवर तरीके से स्थिति को संभालने का प्रयास किया है। आगे की जांच जारी है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### प्रयागराज रेलव कंट्रोल से वाराणसी स्टेशन को सूचना



जानकारी के बाद आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने बम निरोधक, डाग स्क्वायड दस्ता संग ट्रेन की एक-एक बोगी को चेक किया। हालांकि ट्रेन में कुछ नहीं मिला। मंगलवार की दोपहर 1.20 बजे प्रयागराज रेलव कंट्रोल से वाराणसी स्टेशन को सूचना मिली की ट्रेन में बम है। हालांकि ट्रेन वाराणसी स्टेशन से निकल चुकी थी। इससे वाराणसी की सूचना पर सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं और ट्रेन को 1.38 मिनट पर भदोही रेलवे स्टेशन पर रोक लिया गया। मौके पर सीओ आरपीएफ आलोक तिवारी, जीआरपी वाराणसी कुंवर प्रभात सिंह मय टीम व स्थानीय पुलिस स्टेशन पर पहुंच गए। इस दौरान एक-एक बोगी की तलाशी शुरू की गई। कुछ ही देर में वाराणसी से बम निरोधक दस्ता व डाग स्क्वायड की तीन टीमें पहुंच गईं। ट्रेन की प्रत्येक बोगी के साथ, शौचालय, नीचे तक जांच की गई लेकिन कुछ नहीं मिला। ट्रेन 4.15 मिनट तक स्टेशन पर ही खड़ी है।

चिंतन

# एनसीआर बना गैस चैंबर क्यों जहरीली हुई सांसें

देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर का हाल बेहाल है। दिवाली के बाद से शुरू हुआ प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाज़ियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहर घने प्रदूषण की चादर में ढके हुए हैं। आम आदमी का सांस लेना दुभर हो गया है तो फिर छोटे बच्चों और मरीजों की हालत का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। मंगलवार को कई जगहों पर तो एयर क्वालिटी इंडेक्स का लेवल 600 से ज्यादा ही दर्ज किया गया। बच्चे, बूढ़े सभी सांस की दिक्कत, गले में खराश, आंखों में जलन जैसी किसी न किसी परेशानी से जूझ रहे हैं। जानलेवा प्रदूषण के स्तर को देखते हुए पूरे दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-4 लागू करने की तैयारी है। ग्रैप 3 लगने के बाद भी प्रदूषण के स्तर में सुधार होने की बजाए पूरा एनसीआर गैस चैंबर में तब्दील हो गया है। इसका खासकर बच्चों पर अधिक प्रभाव हो रहा है, जिनका इस प्रदूषण में कोई दोष नहीं है। जन्म के साथ ही उन पर प्रदूषण की काली छाया पड़ जा रही है। नतीजतन शारीरिक ही नहीं मानसिक बीमारियां भी उन पर हावी हो रही हैं। छोटे बच्चों में अस्थमा जैसे लक्षण पाए जा रहे हैं। इन्हें अस्थमा नहीं कहा जा सकता है। लेकिन कई सालों तक प्रभाव में रहने के कारण अस्थमा भी हो सकता है। द लैंसेट पत्रिका की 2023 की एक रिपोर्ट में तो यहां तक दावा किया गया है कि भारत में हर साल प्रदूषण के कारण पांच साल से कम उम्र के 1.7 लाख बच्चों की मौत हो रही है। बच्चे ही क्यों बड़ों का भी हाल बेहाल है। जबसे प्रदूषण का स्तर बढ़ा है, इसी अनुपात में अस्पतालों में मरीजों की भीड़ भी बढ़ी है। इसमें खांसी-जुकाम के साथ अस्थमा और सांस लेने में तकलीफ के मामले अधिक हैं। पहले खांसी-जुकाम पांच से सात दिनों में ठीक हो रहे थे। लेकिन प्रदूषण के कारण इनकी अवधि बढ़ गई है। कई मामलों में ठीक होने के तुरंत बाद फिर से असर दिखने लगा है। असल में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से मानव कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन पैदा होती है, जो दीर्घकालिक बीमारियों और कैंसर का कारण बन सकती है। 2013 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी ने वायु प्रदूषण को मानव कैंसरकारी कारक के रूप में वर्गीकृत किया था। कई अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि बाहरी वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के संपर्क में आने से अल्पकालिक जोखिम बढ़ सकता है। फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी, अस्थमा, हृदय संबंधी समस्याएं, आपातकालीन विभाग में जाना और अस्पताल में भर्ती होने से जुड़ा है। अब प्रश्न है कि प्रदूषण कम कैसे हो। इसके लिए सरकार तो अपने स्तर पर प्रयास कर रही है, हर नागरिक को भी आगे आने की जरूरत है। जहां तक हो सके सार्वजनिक परिवहन सुविधा का उपयोग करें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे धूल उड़े। घर के बाहर कूड़े को आग न लगाएं। जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें, अगर निकलें तो मास्क पहनें। अगर हम सजग होंगे तो इस परेशानी से जल्द निपट पाएंगे।

आत्ममंथन

राजीव भारद्वाज



# हमें अपने बच्चों में और निवेश करना होगा

किसी भी देश की असली ताकत उसकी भावी पीढ़ी होती है। यानी देश के नौनिहाल, जो कल के वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, नेता और जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। पर जब एक राष्ट्र बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारी भूलने लगता है, तो उसका भविष्य भी धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है। भारत एक युवा देश है। इसलिए यह सवाल आज, पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक है कि क्या हम सचमुच अपने बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सपनों को साकार करने के लिए कुछ अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं, या केवल भाषणों और उत्सवों तक सीमित रह गए हैं? हर साल नवंबर का एक दिन बच्चों के नाम कर दिया जाता है। विद्यालयों में कार्यक्रम होते हैं, मंचों से बच्चों की मासूमियत पर कविताएं पढ़ी जाती हैं और सभी उनके अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। परंतु अगले ही दिन फिर सब कुछ अपनी जस की तस वाली स्थिति में लौट आता है, जहां वही बच्चे स्कूल जाने के बजाय काम पर जाते हैं, सिग्नल पर भीख मांगते हैं, किसी ढाबे पर बर्तन धोते दिखाई देते हैं या बाल विवाह की बेड़ियों में जकड़ दिए जाते हैं। यह विरोधाभास अगर हमें झकझोरता नहीं तो इसका मतलब साफ है कि हम अपने भविष्य के साथ किस हद तक बेपरवाह हैं। भारत दुनिया की सबसे बड़ी बाल जनसंख्या वाला देश है। यह आंकड़ा जितना गर्व का विषय है, उतनी ही गंभीर चिंता का भी। इतनी विशाल बाल आबादी का पोषण, शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। हालांकि पोषण 2.0, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, एकलव्य मॉडल स्कूल, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिड-डे मील योजना, सर्व शिक्षा अभियान और आंगनबाड़ी की कई योजनाएं निश्चित रूप से सराहनीय हैं। लेकिन योजनाएं तब तक प्रभावी नहीं हो सकतीं जब तक उनमें पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक भागीदारी न हो। परंतु सवाल यह है कि क्या ये योजनाएं वास्तव में उस बच्चे तक पहुंच पा रही हैं जिसके नाम पर वे बनाई गई हैं? यूनिसेफ व अन्य एजेंसियों के साथ भारत सरकार की रिपोर्ट भी बार-बार यह चेतावनियां देती रही हैं कि अब भी लाखों बच्चे स्कूल से बाहर हैं। जाहिर है कि स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चे ट्रैफिकिंग गिरोहों के सबसे आसान टारगेट हैं। ऐसे ही स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी तस्वीर उत्साहजनक नहीं है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 के मुताबिक 5 साल से कम उम्र के करीब 32 फीसदी बच्चे कम वजन के हैं। यानी कुपोषण अभी भी स्वस्थ बचपन की जड़ें काट रहा है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और शहरी झुग्गियों में अस्वास्थ्यकर जीवन-स्थितियां बच्चों के लिए दोहरी मार है। यह तथ्य केवल आर्थिक गरीबी नहीं, बल्कि नीति-निर्माण की प्राथमिकताओं पर भी सवाल खड़ा करता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो, बाल दुर्व्यापार के मामलों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ज्यादा संजीदगी और संवेदनशीलता की जरूरत है। आज भी देश की लगभग एक चौथाई लड़कियों का विवाह 18 साल की उम्र से पहले हो जाता है। यह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि उनके स्वास्थ्य, शिक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए ग्रहण है। जब किसी बच्ची का बचपन विवाह की रस्मों में खो जाता है, तो समाज की संवेदनशीलता पर गहरा प्रश्न उठता है। हालांकि सरकारों ने अपनी ओर से कई प्रयास किए हैं, लेकिन समय के साथ उनमें भी नई ऊर्जा और नवाचार की जरूरत है। समस्या केवल व्यवस्था की नहीं, मानसिकता की भी है। हम बच्चों को भविष्य तो मानते हैं, पर उन्हें वो सुरक्षित माहौल और अधिकार नहीं देते जिसके वे हकदार हैं। इसलिए उनके अधिकारों की रक्षा के विषय को जवाबदेही और सक्रियता की जरूरत है। नीति-निर्माण से लेकर बजट आवंटन और धरातल पर कार्यान्वयन तक, बच्चों को प्राथमिकता देने की ज़रूरत है। आज का भारत तकनीक, नवाचार और ज्ञान की शक्ति से संचालित विश्व को दिशा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। ऐसे में अगर हमें एक सशक्त, आत्मनिर्भर और न्यायपूर्ण भारत बनाना है, तो हमें अपने बच्चों में और निवेश करना होगा और यह निवेश केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानवीय और जवाबदेही का होना चाहिए। बाल दिवस महज औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और यह सोचने का अवसर होना चाहिए कि हम अपने भविष्य के भारत को कैसा बनाना चाहते हैं। यदि हम एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का सपना देखते हैं, तो उसकी नींव हर बच्चे के सपनों, अधिकारों और संभावनाओं को साकार करने से ही रखी जाएगी। हर मुस्कुराते बच्चे में एक उज्जवल भारत का चेहरा छिपा है। बस जरूरत है उसे अवसर, शिक्षा और सुरक्षा देने की।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हसीना केस में कूटनीति की अग्नि परीक्षा



पड़ोस

डॉ. घनश्याम बादल

**शेख हसीना इन दिनों में भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश में घटित एक विशेष न्यायिक अधिकरण ने उन्हें आंदोलन को कुचलने एवं मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी बताकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। उनके साथ-साथ उनके गृहमंत्री असद उज्जमा कमाल को भी फांसी की सजा दी गई है। इसका असर भारत की आंतरिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पड़ेगा। यदि उन्हें सरकार को सौंप दिया जाता है तो इससे भारत की शरणागत को रक्षा देने की संस्कृति पर बड़ा सवाल खड़ा होगा लेकिन यदि भारत मना करता है तो अंतरराष्ट्रीय कानून भारत के खिलाफ़ जाएगा। अब देखें कि भारत सरकार इस पशोपेश की स्थिति में किस कूटनीति का इस्तेमाल करती है।**

भारत के सबसे निकट पड़ोसी बांग्लादेश में एक बार फिर उठापटक की आहट सुनाई देने लगी है। वैसे तो पिछले वर्ष जुलाई में वहां जिस तरीके से शेख हसीना की सरकार को छात्र आंदोलन के माध्यम से उखाड़ फेंका गया, वह भी अपने आप में हैरतअंगेज था। लगभग 15 वर्षों से बांग्लादेश पर शासन कर रही बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी और तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ पहले से ही महंगाई और दूसरी समस्याओं को लेकर काफी असंतोष था, लेकिन मुक्ति दाताओं के पोते-पोतियों को दिए जाने वाले आरक्षण के खिलाफ मुद्दा बनाकर एक उग्र आंदोलन हुआ। इसे रोकने में शेख हसीना की सरकार नाकामयाब रही और उसकी परिणति 1400 लोगों की मृत्यु के रूप में सामने आई। तब भी शेख हसीना की सरकार पर आरोप लगा कि उसने निर्ममतापूर्वक आंदोलनकारी पर गोलियां चलवाई जिससे अनेक छात्र-छात्राएं एवं निर्दोष लोग मारे गए। हो सकता है शेख हसीना को उस समय लगा हो कि आंदोलन का दमन करके उनकी सरकार सुरक्षित रह जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और हालात इतने बिगड़े कि शेख हसीना को न केवल प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा बल्कि देश छोड़कर भी भागना पड़ा। वे इन दिनों में भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश में घटित एक विशेष न्यायिक अधिकरण ने उन्हें आंदोलन को कुचलने एवं मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी बताकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। उनके साथ-साथ उनके गृहमंत्री असद उज्जमा कमाल को भी फांसी की सजा दी गई है।

वैसे तो किसी देश में ऐसा कुछ घटित होना वहां का आंतरिक मामला है लेकिन यहां एक पेंच विशेष तौर पर फंसता है और वह है शेख हसीना का भारत में शरणागत होना और उनके साथ उनके शासनकाल के दौरान भारत के विशेष और सौहार्दपूर्ण संबंध होना। यह तथ्य किसी से छुपा नहीं है कि किस तरह 1971 में जब पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार वहां के बंगालियों का दमन कर रही थी तब भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वहां सेना भेज कर शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश का निर्माण करवा दिया था। लेकिन केवल 4 वर्ष के बाद ही 15 अगस्त 1975 में एक सैन्य एक तख्तापलट में शेख मुजीबुर्रहमान और उनका पूरा परिवार मार दिया गया और सत्ता एक हाथ से दूसरे हाथ में होती हुई अंततः जनरल जियाउर्रहमान के हाथों में आ गई थी जो बाद में एक राजनीतिक पार्टी बीएनपी खड़ी करके लंबे समय तक बांग्लादेश के राष्ट्रपति रहे। हालांकि एक राजनीतिक समस्या के हल के लिए चटगांव गए हुए जियाउर्रहमान का भी कत्ल हो गया था। यानी कह सकते हैं कि खून-खराबे के साथ सत्ता परिवर्तन बांग्लादेश का एक इतिहास है। शेख हसीना 1975 में भी इसलिए बच गई थी क्योंकि जब उनके परिवार की हत्या हुई, तब वे जर्मनी में थी। बाद में वह वहां से आकर भारत में रहीं और 1981 में उन्हें बांग्लादेश आवामी लीग का अध्यक्ष चुना गया। शेख हसीना ने लंबे समय तक जियाउर्रहमान और उनकी सरकार से लोहा लिया।

आखिरकार 1996 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं लेकिन 2001 में उन्हें जियाउर्रहमान की बेगम



खालिदा जिया ने चुनाव में परास्त कर सत्ता से बाहर कर दिया। वह 2001 तक वहां की प्रधानमंत्री रहीं लेकिन कुशल और व्यावहारिक राजनीतिज्ञ तथा जीवट वाली महिला के तौर पर शेख हसीना को जब ज़रूरत पड़ी तो वे खालिदा जिया के साथ भी मिलकर वहां की सरकारों से लड़ी किंतु दोनों में संबंध सांप और नेवले जैसा ही रहा। एक परिपक्व राजनीतिज्ञ के तौर पर शेख हसीना 2009 में फिर सत्ता में लौटी और उठापटकों के बीच 2024 तक सत्ता में आती-जाती रहीं। फिर वह सब घटनाक्रम हुआ जब उन्हें बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथों में अंतरिम सरकार के मुखिया के रूप में सत्ता है।

उनकी सरकार का दायित्व था कि फरवरी 2026 तक वे बांग्लादेश को एक निर्वाचित सरकार दे देंगे और आंदोलन में मासूमों के हत्या के दोषी लोगों को सजा भी दिलवाएंगे। कहने को यूनुस गैर राजनीतिक व्यक्ति हैं लेकिन सत्ता में बैठा हुआ व्यक्ति बिना राजनीति के रह नहीं सकता इसलिए उन्हें भी जनता को यह दिखाना है कि उन्होंने जन भावनाओं के अनुरूप दोषियों को उनकी नियति तक पहुंचा दिया है। शेख हसीना को मृत्यु दंड सुनाने वाली विशेष न्यायाधिकरण में इस सुनवाई का टेलीविजन पर प्रसारण यह बताता है कि यह केवल न्याय की बात नहीं अपितु राजनीति का भी बड़ा खेल है।


जहां यूनुस की सरकार जनता को यह संदेश देना चाहती है कि उसने बिना डरे और झुके हुए आंदोलन के मृतकों को न्याय दिलवाया है। वहीं उनकी कोशिश यह भी हो सकती है कि शेख हसीना और उनकी पार्टी 2026 में होने वाले चुनाव में भाग ही न ले पाए या उनकी हालत इतनी ख़राब कर दी जाए कि वह सत्ता में न लौट सकें। जहां न्यायाधिकरण कहता है कि उसके पास शेख हसीना और असद उज्जमा कमाल को फांसी की सजा दिए जाने के पीछे उपलब्ध ऑडियो, वीडियो आदि हैं, वहीं शेख हसीना ने इस निर्णय पर प्रतिक्रिया में कहा कि उन्हें अपनी बात कहने का मौका ही नहीं दिया गया और एक अलोकतांत्रिक तरीके से थोपी गई सरकार और उसके पिट्ठू के रूप में वहां के न्यायाधिकरण ने पहले से ही तय गए निर्णय को सुनाया है।

वहीं सरकार और न्यायाधिकरण का कहना है कि शेख हसीना ने सुनवाई के लिए उपस्थित होने से ही मना कर दिया था। ख़ैर सियासत में प्रतिशोध केवल बांग्लादेश में ही नहीं कई देशों में लिया जाता रहा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देश तो इसके ज्वलंत उदाहरण हैं लेकिन अब यहां पर मुख्य मुद्दा यह है कि निर्णय के तुरंत बाद बांग्लादेश की सरकार ने शेख हसीना को प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए बांग्लादेश को सौंप देने का आग्रह भारत की सरकार से किया है। अब गेंद भारत सरकार के पाले में है। एक ओर जहां भारत का नैतिक समर्थन शेख हसीना के प्रति है, वहीं बांग्लादेश के साथ भी हमारे पुराने राजनयिक संबंध हैं। यदि उन्हें सरकार को सौंप दिया जाता है तो इससे भारत की शरणागत को रक्षा देने की संस्कृति पर बड़ा सवाल खड़ा होगा लेकिन यदि भारत मना करता है तो अंतरराष्ट्रीय कानून भारत के ख़िलाफ़ जाएगा और दोनों देशों के बीच संबंध खराब होंगे जो पहले से भी बहुत अच्छे नहीं हैं। इसका असर भारत की आंतरिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पड़ेगा। अब देखें कि भारत सरकार इस पशोपेश की स्थिति में किस कूटनीति का इस्तेमाल करती है और उसके परिणाम आने वाले समय में क्या निकलते हैं।

( लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित

दर्शन

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित

प्रेरणा

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

अंतर्मन




## आज की पाती

### पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट से इंजन पर पड़ रहा असर

हाल के दिनों में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेण्डेड पेट्रोल (ई20) देशव्यापी स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। यानी अब से जो पेट्रोल आप गाड़ियों के लिए इस्तेमाल करेंगे, उसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला होगा। बता दें कि 2014 में पेट्रोल में केवल 1.5 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जाता था। इथेनॉल एक तरह का बायोफ्यूल है, जो मुख्य रूप से गन्ने की प्रोसेसिंग के दौरान बनता है। इसे पेट्रोल में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे न सिर्फ़ फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता घटती है, बल्कि प्रदूषण भी कम होता है। पर इसका एक साइड-इफ़ेक्ट भी है। 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की ब्लेण्डिंग पर पुराने इंजन जल्दी घिसने लगते हैं।

- मुकेश अवस्थी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### विधि विज्ञान प्रयोगशाला



'नया उत्तर प्रदेश' अपराध और अपराधियों को स्वीकार नहीं करता, अगर किसी ने अपराध किया तो उसकी कीमत भी चुकानी पड़ेगी। गोरखपुर में आज सरल, सुगम एवं त्वरित न्याय हेतु क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के भवन का लोकार्पण किया।

- **योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### समस्याओं का समाधान



वर्षों से अटकी समस्याओं का हमारी सरकार समाधान निकाल रही है। आठ महीनों में ही डीटीसी के बेड़े में बड़ी संख्या में ई-बसें शामिल की हैं, जिससे दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को नई गति और स्वच्छ दिशा मिली है। हम लगातार नए-नए प्रोजेक्ट जनता को समर्पित कर रहे है।

- **रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### जनता का विश्वास



लठैतवाद की लाठी, छद्मवाद का छल व जंगलराज की विरासत तीनों मिलकर जितना ज्यादा भ्रम का मायाजाल बुनते हैं, जनता का विश्वास उतना ही भाजपा और एनडीए के प्रति अडिग होता जाता है।

- **केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### हम करके दिखाते हैं



हमारे कर्मों में हमारे द्वारा किए गए वादे छिपे होते हैं। नए आसमान खोलने, आपके सपनों को क्षितिज तक ले जाने और उड़ान के दौरान आपका हाथ थामने के वादे। आपके सफर में हमसफर बन जाते हैं। नए आसमान आ गए हैं! हम करके दिखाते हैं!

- **गौतम अदाणी, उद्यमी**

करंट अफेयर

# यूएई को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेगा अमेरिका



सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की बहुप्रतीक्षित वाशिंगटन यात्रा की पूर्व संध्या पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह इस खाड़ी देश को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेंगे। हालांकि, ट्रंप प्रशासन में इस बात को लेकर चिंता है कि इस तरह की बिक्री से चीन को उन्नत हथियार प्रणाली के पीछे की अमेरिकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच मिल सकती है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह सऊदी अरब को ये विमान बेचेंगे तो उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि हम ऐसा करेंगे। हम एफ-35 बेचेंगे।'' उन्होंने कहा, "वे हमारे लिए एक महत्वपूर्ण सहयोगी रहे हैं।" यह सात वर्षों से अधिक समय में क्राउन प्रिंस की पहली अमेरिका यात्रा होगी इसलिए उम्मीद की जा रही है कि वह अपनी इच्छाओं और मांगों की एक सूची लेकर आएंगे, जिसमें ट्रंप से अपने देश के लिए अमेरिकी सैन्य सुरक्षा के दायरे को परिभाषित करने का औपचारिक आश्वासन और अमेरिका में निर्मित दुनिया के सबसे उन्नत विमानों में से एक एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदने का समझौता शामिल है। तीन प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि रिपब्लिकन प्रशासन यह नहीं चाहता कि इस लड़ाकू विमान के सौदे से इजराइल की उसके पड़ोसियों के बीच गुणात्मक सैन्य बढ़त कम हो, खासतौर से ऐसे वक्त में जब ट्रंप अपनी गाजा शांति योजना की सफलता के लिए इजराइली समर्थन पर निर्भर हैं।

ऑफ बीट

# वायु प्रदूषण में कमी मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद



उत्तरी गोलार्ध में सर्दी के मौसम की दस्तक के साथ ही बादलों से घिरे सर्द दिनों का भी आगमन हो गया है। बादल पर्यावरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न सिर्फ बारिश की बूंदें बरसाते हैं, बल्कि सूर्य की किरणों के धरती पर पहुंचने से पहले उन्हें अंतरिक्ष में परावर्तित भी करते हैं। हालांकि, 2003 से 2022 के बीच उत्तर अटलांटिक और उत्तर-पूर्व प्रशांत महासागर क्षेत्र के ऊपर के बादल कम परावर्तक हो गए, जिससे समुद्र की सतह पर धूप की पहुंच बढ़ गई और उसके तापमान में वृद्धि देखने को मिली। मेरे और मेरे सहकर्मियों के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि वायु गुणवत्ता सुधारने के वैश्विक प्रयासों ने बादलों की क्रिया में बदलाव लाकर अनजाने में जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दिया है। स्वच्छ आबोहवा मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद अहम है, लेकिन कण प्रदूषण की मात्रा घटने से बादलों के शीतलन प्रभाव में भी कमी आई है, जिससे ग्लोबल वॉर्मिंग की प्रक्रिया तेज हो गई है। बादलों पर कण प्रदूषण के स्तर में बदलाव और ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रभाव का आकलन करने के लिए हमने अपने अध्ययन में दो दशक के उपग्रह डेटा का इस्तेमाल किया। ये डेटा दिखाता है कि उत्तरी गोलार्ध में वायु मंडल के सबसे निचले स्तर में पाए जाने वाले बादल 2003 के बाद से तेजी से कम परावर्तक होते गए हैं।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा यह गंभीर मुद्दा

# देश में हर 8 मिनट में लापता हो रहा एक बच्चा, यह चिंतनीय

### अभी गोद लेने की प्रक्रिया कठोर... यह सरल होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक समाचार रिपोर्ट पर चिंता जहिर की है। इसमें दावा किया गया था कि देश में हर 8मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। न्यायालय ने इसे एक गंभीर मुद्दा बताया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने मामले में कहा कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है और केंद्र से इस प्रणाली को सरल बनाने को कहा गया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने मौखिक रूप से कहा कि मैंने यह अखबार में पढ़ा है है। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। लेकिन यह एक गंभीर मुद्दा है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि गोद लेने की प्रक्रिया कठोर होने के कारण इसका उल्लंघन होना स्वाभाविक है और लोग बच्चे पैदा करने के लिए अवैध तरीके अपनाते हैं।

#### केंद्र को दिया 9 दिसंबर तक का वक्त

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने 6 सप्ताह का समय मांगा। शीर्ष अदालत ने छह सप्ताह का समय देने से इनकार कर दिया और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल से 9 दिसंबर तक प्रक्रिया पूरी करने को कहा।



#### पहले भी केंद्र सरकार को दिया गया था निर्देश

14 अक्टूबर को पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से संचालित मिशन वात्सल्य पोर्टल पर प्रकाशन के लिए उनके नाम और संपर्क विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दे। पीठ ने निर्देश दिया था कि जब भी पोर्टल पर किसी लापता बच्चे के बारे में कोई शिकायत प्राप्त हो, तो जानकारी संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ तुरंत साझा की जानी चाहिए।

#### एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल बनाने का भी था निर्देश

शीर्ष अदालत ने पहले केंद्र से लापता बच्चों का पता लगाने और ऐसे मामलों की जांच के लिए गृह मंत्रालय के तत्वावधान में एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल बनाने को कहा था। पीठ ने देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लापता बच्चों का पता लगाने के काम में लगे पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी को रेखांकित किया था। अदालत ने कहा था कि पोर्टल पर प्रत्येक राज्य से एक समर्पित अधिकारी हो सकता है जो सूचना प्रसारित करने के अलावा गुमशुदगी की शिकायतों का प्रभारी भी हो सकता है।

#### एनजीओ ने की थी शिकायत

एनजीओ गुरिया स्वयं सेवी संस्थान ने शीर्ष अदालत का रुख किया था और अपहरण या लापता बच्चों के अनसुलझे मामलों के अलावा भारत सरकार की तरफ से निगरानी किए जाने वाले खोया/पाया पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई पर प्रकाश डाला था। याचिका में पिछले साल उत्तर प्रदेश में दर्ज 5 मामलों के साथ अपनी दलील को स्पष्ट किया गया था, जिनमें नाबालिग लड़कों और लड़कियों का अपहरण किया गया था और बिचौलियों के एक नेटवर्क के माध्यम से झारखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में उनकी तस्करी की गई थी।

### एम्स की चेतावनी

## कड़े कदम उठाइए नहीं तो दिल्ली में हेल्थ इमरजेंसी के हालात होंगे

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉक्टरों का कहना है कि दिल्ली में पलूशन ने हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। एम्स के पल्मोनरी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. अनंत मोहन ने कहा कि स्वस्थ लोग भी बीमार हो रहे हैं, इसलिए प्रदूषण कम करने के लिए कारगर कदम उठाने पड़ेंगे। जब तक सभी हेल्थ इमरजेंसी नहीं मानेंगे तब तक यह यह समस्या दूर नहीं होगी। डाक्टरों ने कहा कि 2-3 सप्ताह से सांस के मरीज 30-40 प्रतिशत बढ़ गए हैं। ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक व मानसिक बीमारी भी होती है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की सेहत पर भी असर पड़ता है।



### खबर संक्षेप

#### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मिले धनखड़

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की है। राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह के बाद ये दोनों की पहली औपचारिक मुलाकात है। धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।



#### बीड में 31 बंधुआ मजदूरों को बचाया

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में बंधुआ मजदूरी कर रहे 31 लोगों को बचाया गया है। अधिकारी ने बताया कि बचाए गए सभी लोग जलगांव जिले के रहने वाले हैं और जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इनको बीड के मजलगांव तालुका में पिछले तीन महीनों से जबरन मजदूरी कराई जा रही थी और धमकाया जा रहा था।



#### भट्ट, पत्नी पर 30 करोड़ की धोखाधड़ी का केस

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर विक्रम भट्ट का नाम इस समय विवादों में बना हुआ है।फिल्ममेकर, उनकी वाइफ श्वेतांबरी भट्ट और 8 अन्य लोगों पर आरोप है कि उन्होंने उदयपुर के डॉक्टर से करीब 30 करोड़ की ठगी की। अब भूपालपुरा पुलिस ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। फिल्मों में पैसा लगाने को कहा था।



#### रिश्वत मांगने के आरोपी ईडी अधिकारी को बेल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने में ईडी के सहायक निदेशक विशाल दीप को जमानत दे दी। दीप को छात्रवृत्ति निधि में कथित वित्तीय गड़बड़ की जांच के दौरान दो कॉलेज प्रशासकों से रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया और आदेश दिया।



## कैबिनेट का बड़ा फैसला

### ▶▶ मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गैर संस्थागत सेवा योजना को आगामी 5 वर्षों तक संचालित करने की स्वीकृति

# वात्सल्य योजना से 33 हजार 'निराश्रित' बच्चों को मिलेंगे हर महीने 4 हजार रुपए

**इस पर कुल 1,022 करोड़ 40 लाख रुपए का व्यय होगा**

**इसमें राज्यांश 408 करोड़ 96 लाख और केंद्रांश 613 करोड़ 44 लाख रुपए होगा**

▶▶ 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर बाल देखभाल संस्थान छोड़ने वाले बच्चों को आफ्टर केयर के माध्यम से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा

13 जिलों के आयुष चिकित्सालयों में 373 नवीन पदों की स्वीकृति

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में संशोधन की स्वीकृति

सोलर पंप स्थापना की योजना में संशोधन की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में संपन्न हुई। मंत्रि-परिषद मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गैर संस्थागत सेवा योजना यथा स्पॉन्सरशिप, फॉस्टर केयर, आफ्टर केयर को आगामी 5 वर्षों तक प्रदेश में संचालित करने की स्वीकृति दी गई। योजना के तहत पात्र बच्चे को 4 हजार रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

इसके साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर बाल देखभाल संस्थान छोड़ने वाले बच्चों को आफ्टर केयर के माध्यम से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। योजना के तहत विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्त माता के बच्चे, अनाथ एवं विस्तारित परिवार के साथ निवासरत बच्चे, असाध्य बीमारी से पीड़ित माता-पिता के बच्चे, बच्चे की शारीरिक और आर्थिक रूप से देखभाल करने में असमर्थ माता पिता के बच्चे, किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अनुसार देख-रेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे (बेघर, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित, बाल श्रमिक, बाल वेश्यावृति के शिकार, एड्स पीड़ित, बाल भिक्षुक, सड़क पर रहने वाले, घर से भागे, निर्योग्यत वाले, लापता, शोषण और दुर्व्यवहार के शिकार श्रेणी के बच्चे) लाभान्वित होंगे। मिशन वात्सल्य योजना क्रियान्वयन के लिए कुल 1,022 करोड़ 40 लाख रुपए का व्यय होगा। इसमें राज्यांश 408 करोड़ 96 लाख रुपए और केंद्रांश 613 करोड़ 44 लाख रुपए होगा। इससे प्रदेश के 33 हजार 346 बच्चे लाभान्वित होंगे।



मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई

### सोलर पंप स्थापना की योजना में संशोधन की स्वीकृति

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में सिंचाई के लिये सोलर पंप स्थापना की योजना में संशोधन की स्वीकृति प्रदान की गई है। संशोधन अनुसार कृषकों को स्वीकृत सोलर पंप स्थापना क्षमता से एक क्षमता अधिक तक का विकल्प प्रदाय किया जाएगा। अब 3 एचपी के अस्थाई विद्युत कनेक्शनधारियों को 5 एचपी और 5 एचपी के अस्थाई विद्युत कनेक्शनधारियों को 7.5 एचपी का सोलर पंप प्रदाय करने का विकल्प दिया जाएगा। योजना के प्रथम चरण में अस्थायी विद्युत कनेक्शन संयोजन वाले किसानों अथवा अविद्युतीकृत किसानों को सोलर पंप का लाभ दिया जाएगा। योजना अनुसार 7.5 एचपी क्षमता तक का सोलर पंप लगाने के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन धारी कृषक का अंश 10% रहेगा। शासन द्वारा 90% की सब्सिडी दी जाएगी।

#### 12 जिलों के आयुष चिकित्सालयों में होगी भर्ती

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के 12 जिलों भोपाल, इंदौर, नरसिंहपुर, मंडलेश्वर (खरगोन), बालाघाट, गुना, भिंड, सीहोर, अमरकंटक (अनूपपुर), पन्ना, श्योपुर एवं शुजालपुर (शाजापुर) में 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सलयों एवं बड़वानी जिले में 30 बिस्तरीय चिकित्सालय के संचालन के लिए 373 पद एवं 806 मानव संसाधन सेवाएं ऑन कॉल की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत नवीन पदों में प्रथम श्रेणी के 52 पद, द्वितीय श्रेणी के 91 और तृतीय श्रेणी के 230 पद शामिल है। नियमित पदों पर वार्षिक वित्तीय भार 25 करोड़ 57 लाख रुपए आएगा। इसके साथ ही स्वीकृत मानव संसाधन सेवाओं मे द्वितीय श्रेणी के 91, तृतीय श्रेणी के 117 और चतुर्थ श्रेणी के 598 पद शामिल है। मानव सेवाओं का प्रबंधन भारत सरकार के राष्ट्रीय आयुष मिशन से किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् में भर्ती के लिए सेवा शर्तें एवं नियम अनुमोदित

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्के वैज्ञानिकों/ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तें नियम 2025 का अनुमोदन प्रदान किया गया। विज्ञान, तकनीकी, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में वर्तमान समय में हो रहे अनुप्रयोगों के दृष्टिगत प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की गतिविधियों में सुदूर संवेदन उपयोग केंद्र, ग्रामीण प्रौद्योगिकी उपयोग केंद्र, मौसम परिवर्तन अनुसंधान केंद्र, अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान केंद्र एवं उन्नत शोध एवं उपकरण सुविधा केंद्र कार्यरत हैं, के लिए उत्कृष्ट वैज्ञानिकों की आवश्यकता बनी रहती है। निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में गैर वैज्ञानिक संवर्ग के लिए, सेवा संरचना एवं भर्ती नियमों को अंगीकृत किया गया है। वैज्ञानिक संवर्ग के लिए चूंकि कैडर का प्रावधान नहीं होने एवं वैज्ञानिक संवर्ग के पदों को भविष्य में होने वाले वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधानों के हुए मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में वैज्ञानिक संवर्ग के कैडर का उन्नयन किया जाएगा।

### जयराम रमेश ने कहा-'कानून तोड़ने वालों को संरक्षण मिलेगा'

## पूर्वव्यापी पर्यावरण मंजूरी पर सुप्रीम कोर्ट की समीक्षा की संभावना से पूर्व पर्यावरण मंत्री नाराज़

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में पूर्वव्यापी (रेट्रोस्पेक्टिव) पर्यावरण मंजूरियों की समीक्षा की संभावना पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका यह बयान उस समय आया है जब निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश ने 16 मई 2025 के उस फैसले पर पुनर्विचार का द्वार खोल दिया है, जिसमें दो-न्यायाधीशों की पीठ ने पूर्वव्यापी पर्यावरण मंजूरी देने पर रोक लगाई थी। यानी जिन उपक्रमों, ख़ान खदानों के उत्खनन को पूर्व में पर्यावरण के लिहाज से मंजूर नहीं किया गया था वैसे केसों पर सुनवाई नहीं होगी लेकिन अब पुराने सर्वोच्च न्यायालय के फ़ैसले से रुके हुए मामलों को फाइल फिर से खोली जा सकेगी। सुनवाई की जा सकेगी।

जयराम रमेश ने कहा कि यह कदम 'अत्यंत निराशाजनक' है और इससे उन कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा जो कानून जानते हुए भी परियोजनाओं को बिना मंजूरी शुरू कर देती हैं और बाद में दंड देकर कार्य को वैध कराने की प्रवृत्ति अपनाती हैं। उन्होंने कहा, "कई उदाहरण हैं जहां कंपनियां कानून को जानते हुए भी 'बाद में देखेंगे' वाली मानसिकता से पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करती हैं। पूर्वव्यापी मंजूरियां शासन-व्यवस्था का मज़ाक बनाती हैं।"

कांग्रेस नेता ने मुख्य न्यायाधीश की ओर से हाल के दिनों में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देशों की भी चर्चा की। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले 24 घंटे में ही मुख्य न्यायाधीश ने उत्तराखंड सरकार को कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में अवैध पेड़ कटाई व अनधिकृत निर्माण से हुए पर्यावरणीय नुकसान की भरपाई करने का आदेश दिया था। पिछले सप्ताह, देश भर में किसी भी राष्ट्रीय उद्यान अथवा वन्यजीव अभयारण्य की परिधि से एक किलोमीटर के दायरे में सभी तरह के खनन कार्य पर रोक लगाई गई थी। इसी अवधि में, राजस्थान सरकार के सरिस्का टाइगर रिज़र्व की सीमाओं को पुनर्निर्धारित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई गई। साथ ही झारखंड सरकार को दो समृद्ध वन क्षेत्रों को वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का पालन करते हुए वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का निर्देश दिया गया।

इन संदर्भों का उल्लेख करते हुए रमेश ने कहा कि पूर्वव्यापी मंजूरियों की राह खोलना इन सभी सकारात्मक पहलुओं के विपरीत है। उनके अनुसार, "किसी भी भारी-भरकम दंड के साथ दी गई पिछली तारीख की मंजूरी समाधान नहीं है। इससे केवल कानून तोड़ने की प्रवृत्ति को वैधता मिलती है।"

जयराम रमेश ने कहा कि यदि ऐसी मंजूरियां दी जाती रहीं तो न केवल पर्यावरण नियमन की विश्वसनीयता प्रभावित होगी, बल्कि उद्योगों को नियमों की अवहेलना करने का खुला रास्ता मिल जाएगा। पार्टी ने केंद्र और न्यायपालिका से आग्रह किया है कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कानूनों को कठोरता से लागू किया जाए और पूर्वव्यापी मंजूरी की व्यवस्था को किसी भी रूप में प्रोत्साहित न किया जाए।

### ट्रायल रन रहा सफल

## 180 किमी के रफ्तार से दौड़ी वंदे भारत स्लीपर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनुसंधान डिज़ाइन एवं मानक संगठन ने दूसरे वंदे भारत स्लीपर रेक का ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह नई ट्रेन बीईएमएल द्वाराआईसीएफ टेक्नॉलाजी का इस्तेमाल करके विकसित की गई है। इस नई सेमी-हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन से पूरे भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में बड़े बदलाव आने की उम्मीद है। परीक्षणों के दौरान आरडीएसओ ने तीन रेलवे जोन में 16-कोच वाले प्रोटोटाइप स्लीपर रेक-2 पर कई गति पर विस्तृत ऑसिलेशन ट्रायल और आपातकालीन ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण किए। इस रेलवे जोन में उत्तर मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे शामिल है। अब ध्यान अगले चरणों पर केंद्रित है, जिसमें ट्रेन के आधिकारिक लॉन्च के लिए मंजूरी और तैयारी शामिल है। दूसरे वंदे भारत स्लीपर रेक का परीक्षण पूरा होने के बाद,ट्रेन को परीक्षण के दौरान पहचाने गए आवश्यक सुधारों और समायोजनों के लिए बीईएमएल वापस भेजा जाएगा।




हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी | टी/एफ हेतु 6 वर्ष की और अन्य मदों हेतु 3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित सोनीपत में सेक्टर-7 और 8 (पार्ट) में 200केवीए टी/एफ, एचटी और एलटी लाइन का प्रावधान (जीएसटी समेत) + 1 कार्य (रोहतक) | बंद होने की तिथि 27.11.2025 | रु. 68.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrik@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40400/I/88/7 दि. 18.11.25


### भाजपा ने किया किसी भी मतभेद होने की खबरों का खंडन

## कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं हुए शिवसेना के मंत्रीगण, सिर्फ उपमुख्यमंत्री शिंदे बैठे रहे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में आगामी निकाय चुनावों से पहले महायुति के अंदर कलह की खबरें हैं। महायुति सरकार के अधिकांश शिवसे के खेमे के मंत्री मंगलवार को साप्ताहिक कैबिनेट बैठक से दूर रहे। मंत्रालय में कैबिनेट बैठक में केवल उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद थे। भाजपा ने गठबंधन में किसी भी तरह के मतभेद होने की खबरों का खंडन किया है। शिवसेना खेमे के मंत्री इसलिए दूर रहे ताकि वे भाजपा को संदेश दे सकें कि जैसा हो रहा है, वह स्वीकार नहीं किया जाएगा। दोनों में रार बीएमसी चुनाव से पहले शुरू हुई है। डोंबिवली में कई शिवसैनिक हाल ही भाजपा में शामिल हो गए थेस जिसे लेकर शिवसेना में नाराजगी है।

#### शिवसेना को फडणवीस की दो टूक



इस पूरे प्रकरण को लेकर शिवसेना के मंत्रियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके कक्ष में मुलाकात की और डोंबिवली के घटनाक्रम पर अपनी नाराजगी जताई। इस पर फडणवीस ने कहा कि पड़ोसी उल्हासनगर में भाजपा सदस्यों को सबसे पहले शिवसेना ने ही अपने पाले में शामिल किया था। मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर शिवसेना नेताओं से कहा कि जब उनकी पार्टी अन्य सहयोगियों के सदस्यों को अपने पाले में लेती है, तो भाजपा द्वारा ऐसा करने पर उन्हें शिकायत नहीं करनी चाहिए।


हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि (भ व प) शाखा रोहतक | गांव खरक रामजी (जीन्द) में आवासीय एक्मॉडेशन सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (1 अदद 20 पैसेंजर और 1 अदद 16 पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 17.11.2025 22.11.2025 | 64,25,873/- | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि (भ व प) शाखा फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में नर्सिंग मदर्स हेतु ट्रांसजेंडर टॉयलेट्स, चाइल्ड सेफ वॉशरूम और रेस्टिंग रूम का निर्माण। | 12.11.2025 20.11.2025 | 8,59,494/- | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि (भ व प) शाखा करनाल | पानीपत में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिल्डिंग का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 18.11.2025 24.11.2025 | 1,11,04,907/- | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | महिला एवं बाल विकास अम्बाला | आईसीडीएस अम्बाला जिले के तहत अपेक्षित एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति के परिवहन कार्य की अधिप्राप्ति। | 14.11.2025 25.11.2025 | ईएमडी 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 POAMB.WCD2@GMAIL.COM |
| 5 | महिला एवं बाल विकास अम्बाला | सेडान वाहनों को किराये पर लेना। | 14.11.2025 25.11.2025 | ईएमडी 20000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 POAMB.WCD2@GMAIL.COM |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | गांव खरक कलां में आईपीबी सहित खेत खलिहान रास्ता की पेवमेंट (जीपी) + 1 कार्य। | 13.11.2025 20.11.2025 | 3,03,04,518/- | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव फरमाना मेहलान में सामुदायिक केन्द्र (0.6 एकड़) का निर्माण (सीएम मार्क्ड) + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.11.2025 | 3,28,89,640/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, रेवाड़ी | खुला वाटर चैनल, गांव बेरली खुर्द, ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी। | बंद होने की तिथि 20.11.2025 | 16,32,369/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812789127 ascorewari2025@gmail.com |
| 9 | सिंचाई हिसार | आउटलेट आरडी 620/आर कैरू माइनर पर वाटर कोर्स की रिमॉडलिंग / पुनर्स्थापना। | 14.11.2025 21.11.2025 | 18,47,547/- | https://etenders.hry.nic.in | 9417284563 xenconstdivn7hsr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/180/40405/I/88/7 दि. 18.11.25

## खबर संक्षेप

### उत्तराखण्ड स्थापना दिवस समारोह आयोजित

**देहरादून।** उत्तरांचल सांस्कृति भातृ समिति द्वारा उत्तराखण्ड स्थापना दिवस समारोह का राम पार्क एक्सटेंशन लोनी में आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक समारोह का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित लोनी विधायक नन्दकिशोर गुज्जर, सभासद कविता कुलबीर चौहान द्वारा किया गया। इस मौके पर नगर पालिका लोनी के चेयरमैन मनोज धामा, उत्तराखंड क्रांति दल महिला प्रदेश अध्यक्ष मेजर संतोष भण्डारी (सेनि)एवं आशुतोष नेगी शामिल हुए। समारोह में उत्तराखण्ड के लोक गायक गजेंद्र राणा, प्रकाश आर्य, किशोर कबड़वाल, अंजली नेगी एवं लक्ष्मी रावत ने एक से एक बढ़ के गढ़वाली गीत प्रस्तुत किए जिसमे लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच का संचालन नीरज बवाड़ी ने किया कई स्कूल के बच्चो ने पहाड़ी गानो पर खूब प्रस्तुतियां देकर मनमोहित किया। उपरोक्त मौके पर समिति द्वारा बहु प्रतिभाओं के धनी एसीपी पदमेंद्र सिंह रावत, समाज सेवी अनिल (अनिल डेरी), पंकज मैखुरी एवं कई हस्तियों को सम्मानित किया गया।

### किसानों को मिली एक और बड़ी सौगात

**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई-बहनों को बड़ी सौगात दी है। मंत्रालय ने जंगली जानवरों द्वारा फसलों के नुकसान और धान जलभराव को कवर करने के लिए नई प्रक्रियाओं को औपचारिक रूप से मान्यता दे दी है। जंगली जानवरों द्वारा फसल नुकसान को स्थानीयकृत जोखिम श्रेणी के पाँचवें 'ऐड-ऑन कवर' के रूप में मान्यता दी गई है। राज्य सरकारें जंगली जानवरों की सूची अधिसूचित करेंगी तथा ऐतिहासिक आंकड़ों के आधार पर अत्यधिक प्रभावित जिलों/बीमा इकाइयों की पहचान करेंगी। किसान को फसल नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर फसल बीमा ऐप पर जियो-टैग्ड फोटो के साथ दर्ज करनी होगी। ये प्रक्रियाएं पीएमएफबीवाई परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार वैज्ञानिक, पारदर्शी और व्यवहारिक बनाई गई हैं, और खरीफ 2026 से पूरे देश में लागू की जाएंगी।

# पिचाई की सलाह, एआई की हर बात पर आंख मूंदकर भरोसा न करें


एजेंसी ▸▸ लंदन

गूगल के प्रमुख सुंदर पिचाई ने कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से मिली हर जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा करने को लेकर लोगों को आगाह किया है। साथ ही पिचाई ने कंपनियों को भी चेतावनी दी कि एआई निवेश का बुलबुला फटने पर कोई भी इससे अछूता नहीं रहेगा।

बीबीसी के साथ साक्षात्कार में गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के भारतीय-अमेरिकी मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पिचाई ने बताया कि एआई मॉडल त्रुटियों से ग्रस्त हैं और उपयोगकर्ताओं को इनके परिणामों की तुलना अन्य स्रोतों से करनी चाहिए।

### जेमिनी चैटबॉट के जरिए एआई मोड पेश

सीईओ ने यह भी कहा कि अगर आप रचनात्मक काम करना चाहते हैं, तो एआई उपकरण मददगार हो सकते हैं, लेकिन लोगों को इन उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करना सीखना होगा और हर बात पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए। इस साल मई में गूगल ने अपने जेमिनी चैटबॉट के जरिये सर्च में 'एआई मोड' पेश किया, जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को किसी विशेषज्ञ से बात करने जैसा अनुभव देना था।





### सटिक जानकारी देने की कोशिश करते हैं

पिचाई ने कहा, /"हम इस बात पर गर्व करते हैं कि हम यथासंभव सटीक जानकारी देने की कोशिश करते हैं, लेकिन वर्तमान अत्याधुनिक एआई प्रौद्योगिकी में कुछ खामियां हो सकती हैं।/" उन्होंने कहा कि एआई निवेश में तेजी एक असाधारण क्षण थी, लेकिन वर्तमान एआई उछाल में कुछ कम तार्किकता दिखती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या गूगल इस बुलबुले के फटने से अछूता रहेगा, तो पिचाई ने कहा कि कोई भी कंपनी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रहेगी, इसमें गूगल भी शामिल है।

### एआई बाजार में किसी भी उछल-पुथल से निपटने तैयार

पिचाई ने कहा कि गूगल का अपना अनूठा मॉडल है, जिसमें उसने चिप से लेकर यूट्यूब डेटा, मॉडल और अग्रणी विज्ञान तक, अपनी स्वयं की पूर्ण प्रौद्योगिकी का स्वामित्व किया है, जिसका अर्थ है कि वह एआई बाजार में किसी भी उथल-पुथल से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में है।

### इंटरनेट की तरह एआई होगा महत्वपूर्ण

चिाई ने कहा, /" हम अभी इंटरनेट की ओर पीछे देख सकते हैं। उस समय स्पष्ट रूप से बहुत अधिक निवेश हुआ था, लेकिन किसी ने भी यह सवाल नहीं किया कि इंटरनेट महत्वपूर्ण था या नहीं। मैं उम्मीद करता हूं कि एआई भी ऐसा ही होगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह तर्कसंगत है, लेकिन इस तरह के समय में कुछ तर्कहीनता के तत्व भी होते हैं।/"

## एसबीआई की रिसर्च टीम ने जारी की रिपोर्ट

# भारत की आर्थिक वृद्धि दूसरी तिमाही में 7.5 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 7.5 प्रतिशत या उससे अधिक रहने की उम्मीद है। इसका मुख्य कारण सितंबर के अंत में जीएसटी दरों में कटौती के कारण त्योहारी बिक्री में तेज वृद्धि है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह कहा गया।


**तेजी का कारण जीएसटी में कटौती व त्योहारी मांग**

रिपार्ट में कहा गया है कि निवेश गतिविधियों में तेजी, ग्रामीण खपत में सुधार और सेवाओं और विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से वृद्धि को मजबूती मिल रही है। इसे जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने जैसे संरचनात्मक सुधारों से भी मदद मिल रही है। इससे त्योहारों के दौरान मांग को गति मिली और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ा है।

## निवेश गतिविधियों में भी अच्छी खासी तेजी देखी गई

### तेजी का संकेत पहली तिमाही में 70 फीसदी था

एसबीआई की आर्थिक शोध विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है, "त्योहारों के दौरान बिक्री के अच्छे आंकड़ों के साथ कृषि, उद्योग और सेवाओं में खपत और मांग में तेजी दिखाने वाले प्रमुख संकेतकों का प्रतिशत बढ़कर दूसरी तिमाही में 83 प्रतिशत हो गया जो पहली तिमाही में 70 प्रतिशत था।



### खपत में बड़ी वृद्धि देखी गई

इसका कारण कम जीएसटी दर के कारण त्योहारों के दौरान मांग का अधिक रहना है। इसमें यह भी कहा गया है कि त्योहारों (सितंबर-अक्टूबर) के दौरान, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के साथ खपत में बड़ी वृद्धि हुई है। इसका पहला संकेत क्रेडिट और डेबिट कार्ड खर्च के प्रतिरूप के विश्लेषण से मिलता है।

### नवंबर के लिए जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ हो सकता है

रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषण से संकेत मिलता है कि नवंबर के लिए सकल घरेलू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह लगभग 1.49 लाख करोड़ रुपये रह सकता है, जो सालाना आधार पर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके साथ 51,000 करोड़ रुपये के आईजीएसटी और आयात पर उपकर के साथ, नवंबर का जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर सकता है।

### आरबीआई ने सात फीसदी का अनुमान जताया

अनुमानित मॉडल के आधार पर, हमें वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में लगभग 7.5 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान है। इसमें वृद्धि की संभावना मौजूद है।" सरकार इस महीने के अंत में जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़े जारी करेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने दूसरी तिमाही के लिए सात प्रतिशत आर्थिक वृद्धि का अनुमान लगाया है।

### सभी क्षेत्रों में मांग बढ़ी

शहरों के हिसाब से क्रेडिट कार्ड खर्च से पता चलता है कि मांग सभी क्षेत्रों में बढ़ी है। लेकिन मझोले शहरों में सबसे अधिक बढ़ रही है। ई-कॉमर्स की बिक्री सभी शहरों में काफी हद तक सकारात्मक रही है।

### डेबिट कार्ड खर्च में भी वृद्धि दिखी

रिपोर्ट में कहा गया, "जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने के साथ, इस साल सितंबर-अक्टूबर में बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सभी प्रमुख राज्यों में डेबिट कार्ड खर्च में भी वृद्धि दिखी है।" इसमें यह भी कहा गया है कि भारत का वृहद आर्थिक दृष्टिकोण सतर्क रुख के साथ संभावनाओं वाला बना हुआ है। इसका कारण मजबूत घरेलू मांग और कम होता मुद्रास्फीतिक दबाव है।

# सोना 3,900 रुपये टूटा, चांदी में 7,800 रुपये की गिरावट

**सोना टूटकर 1,25,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर चांदी घटकर 1,56,000 रुपए प्रति किलो**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने के बीच वैश्विक कीमतों में गिरावट के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 3,900 रुपये टूटकर 1,25,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली सोने की कीमत 3,900 रुपये गिरकर 1,25,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। चांदी की कीमतों पर भी दबाव रहा और यह 7,800 रुपये गिरकर 1,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, "अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की घटती उम्मीदों के बीच, निवेशक इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों से फेडरल रिजर्व की नीतिगत दिशा के संकेतों का इंतजार कर रहे हैं, जिससे सोने और चांदी में भारी बिकवाली देखी जा रही है।"



### स्त्री शक्ति दिवस पर होगा भव्य मेगा डेमोंस्ट्रेशन

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मिशन साहसी—आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला-स्तरीय मेगा डेमोंस्ट्रेशन आगामी 19 नवम्बर को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कादरपुर में बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। स्त्री शक्ति दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम में जिले के 25 से अधिक विद्यालयों से प्रशिक्षित 2500 से अधिक छात्राएँ आत्मरक्षा का सामूहिक प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगी। इस अवसर पर बालिकाएँ स्ट्राइकिंग मूव्स, ग्रैब-रिलीज़ तकनीकों, खतरे की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया एवं मानसिक सशक्तिकरण से जुड़े कौशल का लाइव प्रदर्शन करेंगी। महानगर अध्यक्ष डॉ योगिता राघव ने बताया कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय पवन जिंदल, संघचालक, उत्तर क्षेत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सम्मिलित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, कु. शिवांगी खेरवाल जी (राष्ट्रीय मंत्री, एबीवीपी) तथा कैप्टन इंदु कसाना जी (जिला शिक्षा अधिकारी, गुरुग्राम) भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएँगी। डॉ योगिता ने बताया कि इस मेगा डेमोंस्ट्रेशन से पूर्व, 10 नवम्बर से 18 नवम्बर 2025 तक जिले के 25 से अधिक विद्यालयों में 10 दिवसीय "मिशन साहसी – आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान" सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### टाटा स्टील संयंत्र के 10 वर्ष हुए पूरे

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने ओडिशा में 50,000 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित अपने कलिंगनगर संयंत्र के परिचालन के 10 साल पूरे होने की मंगलवार को जानकारी दी। इस संयंत्र को 2015 में 30 लाख टन प्रति वर्ष की प्रारंभिक क्षमता के साथ चालू किया गया था।

## वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख रहा


# शेयर बाजार में छह दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 278 अंक टूटा

एजेंसी:मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले छह दिन से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच आईटी, धातु और पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स करीब 278 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी गिरावट के साथ 26,000 अंक के नीचे बंद हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 277.93 अंक की गिरावट के साथ 84,673.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 392.59 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 103.40 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,910.05 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच हाल की तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख ब्याज दर घटाये जाने की संभावना कम होने से धारणा पर असर पड़ा है। डॉलर में मजबूती के बीच आईटी, धातु और रियल्टी शेयरों में गिरावट आई है।"छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.85 प्रतिशत टूटा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.70 प्रतिशत के नुकसान में रहा।





### एशियाई बाजार रहे नुकसान में

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को नुकसान में बंद हुए थे।

### अल्ट्रावॉयलेट ब्रिटेन के बाजार में उतरी

**नई दिल्ली।** भारतीय इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता अल्ट्रावॉयलेट ने अपनी प्रमुख मोटरसाइकिल एफ77 एमएसीएच 2 रेकॉन और एफ77 सुपरस्ट्रीट रेकॉन को ब्रिटेन के बाजार में मंगलवार को पेश किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह रणनीतिक विस्तार मोटोमोंडो के साथ साझेदारी में किया जा रहा है, जो इस क्षेत्र में अल्ट्रावॉयलेट की विशेष वितरण साझेदार है।

### सी-डॉट क्वांटम का आंध्र सरकार के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास केंद्र, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने अमरावती क्वांटम वैली (एक्यूवी) पहल में भाग लेने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सी-डॉट ने आंध्र प्रदेश के अमरावती क्वांटम वैली में क्वांटम संचार और सुरक्षा समाधान के साथ-साथ गोपनीयता संवर्धन प्रौद्योगिकियों (पीईटी) जैसे संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने की योजना बनाई है।

**PUBLIC NOTICE**

I, Jeewan Jyoti Tiwari W/o Late Amit Shankar Tiwari o 21/17 West Patel Nagar, New Delhi-110008 Jointly booked Flat No-ROI8B150006 in B15 Tower of Supertech Ecovillage-1 GH Plot-08 Sector-1 Greater Noida West, Unfortunately my husband passed away on 27 Jan 2022. Now I requested Supertech Limited to transfer the above property in my name alone. If anybody have any objection then he/she can contact at Supertech Limited E Square Sector-96, Noida within 15 days of this notice.

Jeewan Jyoti Tiwari
W/o Late Amit Shankar Tiwari

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | सिवानी (गांव खेड़ा) में नई अनाज मण्डी में फुटिंग को छोड़कर कवर्ड शैड (18 बेज 24 मी. स्पैन) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.11.2025 | रु.1,08,77,358/- | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40418/I/88/7 दि. 18.11.25

**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला - जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्र. 2**

निविदा सूचना क्र. 28 से 33 / व.ले. लि. / 2025-26 जांजगीर, दिनांक 12.11.2025 निविदा सिस्टम नं. 179023, 179024, 179025, 179026, 179029, 179030 (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी. क्र. 252604730/6 दिनांक 14.11.2025 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| स. क्र. | पूर्व प्रसारित NIT | संशोधित NIT |
|---|---|---|
| 1 | अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19-11-2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है। नोट : (1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender https://eproc.cgstate.gov.in के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। | अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19-11-2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है। नोट : (1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। (2) निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.05.2025 (संशोधित 08.08.2025) के अनुसार है। (3) निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में GST जोडकर निविदा भरा जाना है। |

नोट:- निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला - जांजगीर-चाम्पा (छ. ग.)

G-252604834/3

## राशिफल


**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।


**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।


**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।


**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।


**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।


**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।



**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।


**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।


**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।


**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 6052



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीडा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 6051 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | व | ■ | ब | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | रा |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | म | न | ■ | जा | न | ■ | र | मा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | मी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | न | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | वा | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | च | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | या | ल |

## सूडोकु नवताल - 6062

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

# जर्मनी और नीदरलैंड की दमदार जीत, दोनों टीमों ने वर्ल्ड कप का टिकट किया पक्का

## जर्मनी ने 1954, 1974, 1990 और 2014 में जीता था फुटबाल विश्व कप

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जर्मनी और नीदरलैंड ने बड़ी जीत दर्ज करके अगले साल होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में जगह बना ली है। जर्मनी ने स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर विश्व कप के लिए हमेशा क्वालीफाई करने का अपना गौरवपूर्ण रिकॉर्ड कायम रखा। चार बार की चैंपियन जर्मनी की टीम 23वें विश्व कप में 21वीं बार फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपनी चुनौती पेश करेगी।

जर्मनी ने 1930 में खेले गए पहले विश्व कप में भाग नहीं दिया था जबकि 1950 में उसे विश्व कप में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। जर्मनी का पुराना प्रतिद्वंद्वी नीदरलैंड भी अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बनाने में सफल रहा।




### नीदरलैंड अपराजित रिकॉर्ड के साथ किया क्वालीफाई

नीदरलैंड की टीम ने लिथुआनिया पर 4-0 की जीत के साथ अपराजित रिकॉर्ड के साथ क्वालीफाई किया और वह अपने ग्रुप में पोलैंड से आगे रही। स्लोवाकिया और पोलैंड के पास अभी विश्व कप में जगह बनाने का मौका है। इसके लिए उन्हें प्लेऑफ में खेलना होगा, जिसका ड्रॉ गुरुवार को होगा। जर्मनी और नीदरलैंड के अलावा इंग्लैंड, फ्रांस, पुर्तगाल, क्रोएशिया और नॉर्वे यूरोप से विश्व कप में जगह बनाने वाली अन्य टीम हैं।

### स्लोवाकिया से तीन अंक आगे रहा जर्मनी

स्लोवाकिया ने ग्रुप ए के पहले दौर के मैच में जर्मनी को 2-0 से हरा दिया था। यह विश्व कप क्वालीफाइंग में जर्मनों की केवल तीसरी हार थी, लेकिन इसके बाद उसने लगातार पांच मैच जीते और इसका समापन लीपजिग में स्लोवाकिया पर बड़ी जीत से किया। इस तरह से उसने शुरुआती मैच में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। जर्मनी को इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी और वह स्लोवाकिया से तीन अंक आगे रहा। जर्मनी की टीम ने 1954, 1974, 1990 और 2014 विश्व कप जीता था। नीदरलैंड की टीम अभी तक विश्व कप नहीं जीत पाई है। वह 1974, 1978 और 2010 में उपविजेता रही थी।

# ऑकलैंड डब्ल्यूटीए नहीं खेलेंगी नाओमी ओसाका

## यूनाइटेड कप के लिए भरी हामी

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** नाओमी ओसाका ने जनवरी में न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले एएसबी क्लासिक डब्ल्यूटीए टेनिस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है और इसके बजाय वह जापान के लिए यूनाइटेड कप में खेलेंगी। चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ओसाका ने सितंबर में ऑकलैंड में 2026 का अपना सत्र शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी, जहां वह इस वर्ष की शुरुआत में फाइनल में पहुंची थी। ऑकलैंड टूर्नामेंट के निदेशक निकोलस लैंपरिन को बताया कि उन्होंने अपना मन बदल लिया है और अब वह ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपनी तैयारी शुरू करेंगी।ओसाका दो से 11 जनवरी तक पर्थ में होने वाले यूनाइटेड कप के लिए शिंतारो मोचिजुकी के साथ जापान की टीम में शामिल होंगी। जापान को ग्रुप चरण में ब्रिटेन और यूनान से खेलना है। वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा।



## खबर संक्षेप



### बाबर आजम ने मारा स्टंप्स पर बल्ला आईसीसी ने ठोका जुर्माना

**दुबई।** पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम पर रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में आउट होने के बाद स्टंप्स पर बल्ला मारने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। बाबर ने आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.2 का उल्लंघन किया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। इसके अलावा इस 31 वर्षीय बल्लेबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है, जिससे 24 महीने की अवधि में बाबर का यह पहला अपराध बन गया। यह घटना रविवार को श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान की पारी के 21वें ओवर में हुई जब बाबर ने आउट होने के बाद क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला स्टंप्स पर मारा।

### ढाका हवाई अड्डे पर घंटों फंसे रहे भारतीय तीरंदाज

**कोलकाता।** भारतीय तीरंदाजों को उस समय बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा जब वे एशियाई चैंपियनशिप के बाद ढाका से देश लौटने के दौरान उड़ान रद्द होने के कारण लगभग 10 घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। यही नहीं उन्हें हिंसा प्रभावित बांग्लादेश की राजधानी में बिना सुरक्षा के एक स्थानीय बस में बिठा दिया गया और बाद में उन्हें एक घटिया आश्रय स्थल में रुकना पड़ा। भारत के 23 सदस्यीय दल के 11 सदस्य उड़ान में बार-बार हो रही देरी के कारण काफी परेशान रहे। इनमें दो नाबालिग सदस्य भी शामिल थे। इस बीच उन्होंने जिस एयरलाइंस से टिकट बुक किया था उसका भी उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। इस दल में सीनियर खिलाड़ी अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा और ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा भी शामिल थे।



### लीजेंड्स विजन में खेलेंगी साइना और गाडे

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और डेनमार्क के दिग्गज पीटर गाडे 'द लीजेंड्स विजन लिगेसी टूर इंडिया' में आकर्षण का केंद्र होंगे। यह एक वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य सामुदायिक कार्यक्रमों, जूनियर खिलाड़ियों के साथ जुड़ने और स्थानीय साझेदारियों के माध्यम से खेल को बढ़ावा देना है। आठ वर्षों के बाद भारत में वापसी करने वाला लीगेसी टूर 23 और 24 नवंबर को नई दिल्ली के सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने कहा, 'मुझे द लीजेंड्स विजन को फिर से अपने देश में लाने की खुशी है। बैडमिंटन ने मुझे जीवन में सब कुछ दिया है और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने वाले तरीके से कोर्ट पर वापसी करना हमेशा विशेष होता है।'



## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज का दूसरा मैच 22 को

# कोच गंभीर ने जुरेल और सुदर्शन से कराई अजीब प्रैक्टिस, एक पैड पहनकर स्पिनरों का किया सामना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में स्पिन गेंदबाजों के सामने भारतीय बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल ने स्पिनरों के सामने एक पैड पहन कर लगभग तीन घंटे तक जमकर अभ्यास किया। यह वैकल्पिक अभ्यास सत्र था, जिसमें बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन ने अपने दाहिने पांव के पैड को निकाल कर अभ्यास किया। बाएं हाथ के स्पिनरों और ऑफ स्पिनरों के सामने अपने अगले पैर में पैड के बिना बल्लेबाजी करने का मतलब था कि उन्हें पिंडली या किसी भी खुले हिस्से पर चोट लगने से बचने के बारे में विशेष रूप से सतर्क रहना पड़ता है।

यह बल्लेबाजी अभ्यास की पुरानी पद्धति है, जिसमें कोच इस बात पर जोर देते हैं कि बल्लेबाज गेंद को रोकने के लिए अपने फ्रंट पैड की बजाय अपने बल्ले का अधिक उपयोग करें। इस तरह के अभ्यास के पीछे एक और कारण यह है कि भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों में बैकफुट पर जाने की प्रवृत्ति है। इस तरह के अभ्यास से उन्हें स्पिनरों को आगे बढ़कर खेलने में मदद मिलती है।



### कोच गौतम की सुदर्शन पर कड़ी नजर

सुदर्शन की तरह जुरेल ने भी एक पैड निकाल कर अभ्यास किया। वह पहले टेस्ट मैच में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे लेकिन अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रहे थे। टीम प्रबंधन उन्हें गुवाहाटी में भी इसी भूमिका में अंतिम एकादश में रख सकता है। वैकल्पिक सत्र के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सुदर्शन पर कड़ी नजर रखी, जो शुभमन गिल की जगह लेने के दावेदारों में से एक हैं। भारतीय कप्तान को गर्दन में ऐंठन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर बैठना पड़ सकता है। इन दोनों बल्लेबाजों में तेज गेंदबाजों के सामने भी अभ्यास किया लेकिन वह उनके सामने सहज नजर नहीं आए। आकाशदीप की गेंद कई बार उनके बल्ले का किनारा लेकर गई और यहां तक कि नेट गेंदबाजों ने भी उन्हें मूवमेंट से परेशान किया। गंभीर और बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने ब्रेक के दौरान उनसे लंबी बातचीत की।

### दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले मैती ने कराई सुदर्शन, जडेजा को प्रैक्टिस

ईडन गार्डन्स में एक अप्रत्याशित गेंदबाज सुर्खियों में आया। दोनों हाथों से गेंदबाजी करने में सक्षम बंगाल के स्पिनर कौशिक मैती ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र के दौरान दोनों भूमिकाओं को सहजता से निभाया। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल का प्रतिनिधित्व कर चुके 26 वर्षीय मैती ने सहजता से अपनी शैली बदली और बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ऑफ स्पिनर और दाएं हाथ के बल्लेबाजों को बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी की। शीर्ष प्रथम डिवीजन क्लब कालीघाट के लिए खेलने वाले मैती ने कहा, 'यह भारतीय टीम के नेट पर गेंदबाजी का मेरा पहला अनुभव था। हालांकि मैंने ईडन गार्डन्स में मुकाबलों के दौरान विभिन्न फ्रेंचाइजी के आईपीएल नेट सत्र में गेंदबाजी की है। आज मैंने साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा और देवदत्त पडिक्कल को ऑफ स्पिन गेंदबाजी की। ध्रुव जुरेल को मैंने बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी की।'

## डेविस कप फाइनल्स से हटे अल्काराज

**मैड्रिड।** शीर्ष रैंकिंग वाले स्पेन के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों) की चोट के कारण इटली में होने वाले डेविस कप फाइनल्स से अपना नाम वापस ले लिया। अल्काराज ने कहा कि उन्होंने यह फैसला चिकित्सकों की सलाह पर लिया है। अल्काराज ने लिखा, ' मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मैं बोलोग्ना में होने वाले डेविस कप में स्पेन के लिए नहीं खेल पाऊंगा।' उन्होंने कहा, 'मेरे दाहिने हैमस्ट्रिंग में सूजन है और चिकित्सकों ने मुझे खेल से दूर रहने की सलाह दी है।' 22 साल के खिलाड़ी ने कहा कि वह निराशा के साथ घर लौट रहे हैं। अल्काराज को गुरुवार को बोलोग्ना में क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के खिलाफ स्पेन का नेतृत्व करना था। स्पेन ने अभी तक एक बार भी डेविस कप खिताब नहीं जीता है।



# भारत में मेदवेदेव, रयबाकिना दिखाएंगे जलवा, 17 से टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव और 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 17 दिसंबर से होने वाले विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) में भारतीय प्रशंसकों के सामने अपना जलवा दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 2022 में की गई थी और पहली बार भारत में इसका आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में किया जाता रहा है। मेदवेदेव और रयबाकिना के अलावा आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस, फ्रांसीसी स्टार गेल मोनफिल्स और पाउला बडोसा भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### डब्ल्यूटीएल में शुरुआत करने के लिए रोमांचित : रयबाकिना

रयबाकिना ने कहा, 'मैंने भारत में टेनिस संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सुना है और मैं डब्ल्यूटीएल के साथ यहां अपनी शुरुआत करने के लिए रोमांचित हूं। मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर हर पल का आनंद लेने के लिए तैयार हूं।' डब्ल्यूटीएल में चार टीमें राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेलेंगी। प्रत्येक मुकाबले में पुरुष एकल, महिला एकल और दो युगल मैच खेले जाएंगे। राउंड रोबिन के बाद शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

# पायस-स्वास्तिका ने जीता राष्ट्रीय रैंकिंग खिताब



**पंचकुला।** दिल्ली के पायस जैन और पीएसपीबी की स्वास्तिका घोष ने यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कड़े मुकाबलों में जीत हासिल करके पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। पुरुष एकल फाइनल में पायस ने रेलवे के आकाश की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए 12-10, 10-12, 7-11, 11-9, 11-7, 11-8 से जीत हासिल की। महिला एकल फ़ाइनल में स्वास्तिका ने पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास को छह गेम के रोमांचक मुकाबले में 12-10, 12-14, 12-10, 11-8, 9-11, 12-10 से हराया। असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने एम. बालामुरुगन को 4-1 से हराकर लड़कों के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के अंडर-19 फाइनल में पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास ने तमिलनाडु की श्रेया आनंद को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# सात्विक-चिराग ने चीनी ताइपे जोड़ी को 48 मिनट में हराया

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के स्टार शटलर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने को-ची और पो ली-वेई के खिलाफ 48 मिनट तक चले पहले दौर के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 21-16 से जीत हासिल की। महिला युगल में हालांकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को अपने पहले मैच में इंडोनेशिया की एफ कुसुमा और एम पुष्पितसारी की जोड़ी से 10-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।



सात्विक और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 2-6 से पीछे चल रही थी। इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने 16-14 तक मामूली बढ़त बनाए रखी। भारतीयों ने पलटवार करते हुए 19-17 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया।

# भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज स्थगित कटक और कोलकाता में होने वाले थे मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्थगित कर दिया है और इसी समय विश्व चैंपियन टीम के लिए एक वैकल्पिक कार्यक्रम तैयार करने की कोशिश कर रहा है।

बांग्लादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच आईसीसी के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे और इनके कोलकाता तथा कटक में खेले जाने की उम्मीद थी।



### दिसंबर में वैकल्पिक श्रृंखला

*बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'हम दिसंबर में एक वैकल्पिक श्रृंखला आयोजित करने की कोशिश करेंगे लेकिन अभी इस पर काम चल रहा है। जहां तक बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का सवाल है तो हमें इसके लिए मंजूरी नहीं मिली है।' इस महीने की शुरुआत में आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप जीतने के बाद बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला टीम की पहली श्रृंखला हो सकती थी।*

### हर टूर्नामेंट में पदक हासिल करना संभव नहीं : मनु

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार न रख पाने को झटका करार देते हुए हमवतन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भाकर ने कहा कि वह 'हर दिन नहीं जीत सकतीं'। हाल ही में हुए इस टूर्नामेंट में 13 भारतीय पदक विजेताओं में मनु भाकर का शामिल न होना निशानेबाज़ी जगत के कई लोगों के लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है।



## 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी 5 टेस्ट मैच की श्रृंखला

# एशेज: ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच प्रतिद्वंद्विता 100 साल पुरानी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

बहुत कम खेल प्रतियोगिताएं एशेज जैसा इतिहास, नाटकीयता और आभा लिए होती हैं, जिसकी शुरुआत 1882 में एक समाचार पत्र में प्रकाशित शोक संदेश से हुई थी, जो बाद में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता का प्रतीक बन गई।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज को लेकर चली आ रही यह प्रतिद्वंद्विता 100 साल से भी पुरानी है, जिसका नया अध्याय 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से लिखा जाएगा। एशेज श्रृंखला अंतरराष्ट्रीय खेलों की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विताओं में से एक है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट क्रिकेट प्रतियोगिताएं शामिल हैं।



### एशेज और कलश में अटूट संबंध

इंग्लैंड के कप्तान इवो ब्लाई ने उसी साल बाद में एशेज वापस लाने की शपथ लेकर अपनी टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया। इंग्लैंड की जीत के बाद एक प्रशंसक ने ब्लाई को एशेज के प्रतीक के रूप में एक छोटा सा टेराकोटा कलश भेंट किया और इस तरह एशेज और कलश का अटूट संबंध हो गया। उसी दिन ब्लाई की मुलाक़ात अपनी भावी पत्नी से हुई। यह दंपत्ति इस कलश को अपने साथ इंग्लैंड ले गया तथा ब्लाई के निधन तक यह उनके परिवार के पास ही रहा और बाद में इसे एमसीसी को सौंप दिया गया।

### 1882 में हुआ था 'एशेज' शब्द का पहली बार इस्तेमाल

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत 1877 में हुई थी। खेल के नियमों के संरक्षक मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अनुसार अगस्त1882 में द स्पोर्टिंग टाइम्स में छपे एक व्यंग्यात्मक श्रद्धांजलि लेख में हुआ था, जब इंग्लैंड की टीम पहली बार घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। इस शोक संदेश में कहा गया था कि इंग्लिश क्रिकेट का अंतिम संस्कार किया जाएगा और एशेज यानी राख को ऑस्ट्रेलिया ले जाया जाएगा।

### इस दिन होंगे टेस्ट मैच

पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला शुक्रवार से पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन के गाबा में चार दिसंबर से शुरू होगा। यह दिन रात्रि टेस्ट मैच होगा। तीसरा टेस्ट एडिलेड ओवल में 17 से 21 दिसंबर तक खेला जाएगा। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड अपने पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी 26 दिसंबर से करेगा और पांचवां टेस्ट सिडनी में चार जनवरी से शुरू होगा।

# त्रिपुरा के खिलाफ पारी से जीता रेलवे, राज चौधरी ने चटकाए 9 विकेट

**वलसाड।** रेलवे ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के एलीट ग्रुप-सी मुकाबले में त्रिपुरा के खिलाफ पारी और 117 रन से जीत दर्ज की। राज चौधरी इस मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने मुकाबले में कुल 9 विकेट अपने नाम किए। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वलसाड स्थित सरदार वल्लभाई पटेल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में त्रिपुरा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 136 रन पर सिमट गई। इस पारी में बाबुल डे ने 42 रन, जबकि विजय शंकर ने नाबाद 44 रन बनाए। विपक्षी टीम की ओर से राज चौधरी ने 9 ओवरों में 30 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। उनके अलावा, कुणाल यादव और आदर्श सिंह ने 2-2 विकेट निकाले। इसके जवाब में रेलवे ने अपनी पहली पारी में 9 विकेट खोकर 446 रन बनाए। इस पारी में मोहम्मद सैफ ने 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 158 रन बनाए, जबकि भार्गव मेराई ने 26 चौकों के साथ 160 रन जुटाए। इनके अलावा, कुश मराठे ने 78 रन टीम के खाते में जोड़े। त्रिपुरा की तरफ से अभिजीत सरकार ने सर्वाधिक 4 विकेट निकाले।



## खबर संक्षेप

### भारत लाया जा रहा अनमोल बिश्नोई



**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। अनमोल बिश्नोई कई गंभीर अपराधों में आरोपी है। उसपर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। साथ ही अभिनेता सलमान खान के घर पर हुए हमले की साजिश रचने का भी आरोप अनमोल पर लगा है। उसे भारत लाना जांच एजेंसियों के लिए एक बड़ी सफलता है। उसे यूएस से भारत लाया जा रहा है। अब कई हाई-प्रोफाइल अपराधों की जांच को एक नई दिशा मिल सकेगी।

### बांग्लादेश की 3 नौकाएं जब्त, 79 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में बांग्लादेश की मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं को जब्त किया है और उनपर सवार 79 चालक दल के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तरी बंगाल की खाड़ी में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के जहाजों द्वारा अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) की निगरानी के दौरान की गई। उनपर 15 और 25 नवंबर को भारत के ईईजेड में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप है। किसी के पास वैध परमिट नहीं था।

## लाल किला बम विस्फोट मामला, जांच में खुल रहे हैं कई राज

# कश्मीर के मौलवी ने लिखी थी धमाके की स्टोरी, पढ़ाया 4 डॉक्टरों को आतंक का पाठ

*मौलवी इरफान ने ही दक्षिण कश्मीर में जैश के आतंकियों के साथ बैठक करवाई। जैश के आतंकियों ने इन डॉक्टरों को दो असॉल्ट राइफल्स मुहैया कराईं। इनमें से एक शाहिना सईद की मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार में और दूसरी डॉ. आदिल अहमद राठेर के लॉकर से बरामद की थी*

### मौलवी का आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंध

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली के लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके के मामले में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे कई राज खुल रहे हैं। अब इस मामले में जम्मू-कश्मीर के एक मौलवी इरफान अहमद का नाम सामने आ रहा है, जिसने इन डॉक्टरों को आंतक का पाठ पढ़ाया और इसके संपर्क में आने के बाद ही ये कट्टरपंथी बन गए।

ये जम्मू-कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। इसका संबंध पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों से भी है। हरियाणा के फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में काम करने वाला मुजामिल शकील की इस मौलवी के साथ मुलाकात हुई थी।




मौलवी इरफान अहमद



लाल किले के विस्फोट का फाइल फोटो

### आत्मघाती हमले को शहादत बताया

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लाल किले पर आत्मघाती हमला करने वाले डॉ. उमर-उन-नबी का मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसमें पुलिस को नबी का आत्मघाती हमले को 'शहादत अभियान' बताते हुए एक वीडियो मिला है। उमर के भाई जहूर इलाही को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (श्रीनगर) जी.वी. संदीप चक्रवर्ती द्वारा गठित एक विशेष टीम ने गिरफ्तार किया था। इलाही के मुताबिक, उमर ने कहा था अगर उसके बारे में कोई खबर सामने आए तो इसे पानी में फेंक देना। इसके बाद इलाही पुलिस टीम को उस जगह ले गया जहां उसने फोन को फेंका था।



डॉ. उमर-उन-नबी

### जैश के आतंकियों के साथ बैठक करवाई

शकील और उमर ने अपने कुछ साथियों का परिचय इस मौलवी से कराया। इनने मैसेजिंग एप टेलिग्राम के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देते हुए साथियों को भी चरमपंथी बनाने की कोशिश की। मौलवी इरफान ने ही दक्षिण कश्मीर में जैश के आतंकियों के साथ बैठक करवाई। जैश के आतंकियों ने इन डॉक्टरों को दो असॉल्ट राइफल्स मुहैया कराईं। इनमें से एक राइफल शाहिना सईद की मारुति स्विफ्ट डिजायर से और दूसरा हथियार डॉक्टर और सदस्य डॉ. आदिल अहमद राठेर के लॉकर से बरामद किया गया।

### अल फलाह का मालिक सिद्दीकी गिरफ्तार



ईडी ने मंगलावर को अल फलाह ग्रुप के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉनड्रिंग एक्ट (पीएमएल), 2002 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई अल फलाह से जुड़े परिसरों पर हाल ही में हुई सर्च कार्रवाई के दौरान मिले सबूतों और विस्तृत जांच के आधार पर की गई है। यह मामला ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर से जुड़ा है, जिसकी जांच इन

### 10 दिन की एनआईए हिरासत में वानी

डॉ. उमर नबी के सक्रिय सह-साजिशकर्ता जसीर बिलाल वानी को मंगलवार को 10 दिनों के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने आरोपी से हिरासत में पूछताछ किये जाने संबंधी एनआईए का अनुरोध स्वीकार कर लिया। कार्यवाही लगभग गोपनीय तरीके से (बंद कमरे में) हुई। अनंतनाग के काजीगुंड निवासी वानी को सोमवार को श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया और उसने कथित तौर पर ड्रोन में बदलाव करके और घातक कार बम विस्फोट से पहले रॉकेट बनाने का प्रयास करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की थी। अदालत परिसर में पुलिस और त्वरित कार्य बल (आरएएफ) की भारी तैनाती की गई थी। दंगा-रोधी उपकरणों से लैस कई पुलिसकर्मी भी परिसर में मुस्तैद थे। अदालत ने सोमवार को मामले के मुख्य आरोपी आमिर राशिद अली को 10 दिनों के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि आमिर ने कथित तौर पर साजो-समान के जरिये नबी को सहायता प्रदान की थी।




वानी को अदालत ले जाती एनआईए

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

# गोयल बोले- उचित डील होने पर ही मिलेगी 'अच्छी' खबर



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर आप तभी अच्छी खबर सुनेंगे जब यह समझौता उचित, न्यायसंगत और संतुलित होगा। गोयल ने कहा कि भारत समझौते में किसानों और मछुआरों के हितों को ध्यान में रखेगा।

इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित 22वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते के लिए बातचीत एक प्रक्रिया है और हमें अपने हितधारकों, कंपनियों के हितों की रक्षा करनी होगी। साथ ही किसानों, मछुआरों व लघु उद्योगों के प्रति अपनी संवेदनशीलता के साथ संतुलन बनाना होगा। जब हम सही संतुलन बना लेंगे, तो हमें इसके परिणाम मिलेंगे। जब यह समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित हो जाएगा तो आपको अच्छी खबर सुनने को मिल जाएगी।

### संबंधों में कोई दरार नहीं

पीयूष गोयल ने कहा कि परिवार में कभी-कभी थोड़ी बहुत नोक-झोंक तो होती रहती है। मुझे नहीं लगता कि संबंधों में कोई दरार है। यह दोनों देशों के लिए बेहद महत्वपूर्ण बना हुआ है।

गोयल ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका के साथ एलपीजी आयात समझौता कई साल के लिए हो सकता है। दोनों देशों के बीच मित्रता स्थाई है और साझेदारी लगातार बढ़ रही है। हमने अभी-अभी एक बड़े एलपीजी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत हम हर साल 22 लाख टन एलपीजी का आयात लंबी अवधि के लिए करेंगे। इसलिए यह एक सतत प्रक्रिया है। हम दोनों देशों के बीच व्यापार एवं वाणिज्य का विस्तार करने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध हैं।

### अब तक छह दौर की बातचीत पूरी

मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस समझौते के लिए बातचीत महत्वपूर्ण है। भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर मार्च से बातचीत कर रहे हैं। अब तक छह दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगाया है। उसके बाद से दोनों देशों के बीच संबंध में तनाव आया है। इसमें रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क भी शामिल है। प्रस्तावित समझौते का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है जो अभी 191 अरब डॉलर है।

## जापान दौरे पर केंद्रीय मंत्री पुरी

# कंपनियों के साथ शिपबिल्डिंग और ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग पर की बातचीत

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने जापान की लीडिंग शिपिंग कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मीटिंग की और शिपबिल्डिंग को लेकर भारत के साथ सहयोग पर बातचीत की। केंद्रीय मंत्री पुरी ने एक्स पर बताया कि वे जापान के 'के' लाइन के चेयरमेन युकीकाजू म्योचिन के साथ एक मीटिंग में शामिल हुए। उनकी चर्चा पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को मैरीटाइम शिपिंग हब में बदलने पर केंद्रित रही। शिपबिल्डिंग मॉनिटरिंग और डिलिवरी में विशेषज्ञता के साथ के लाइन शिपबिल्डिंग में दुनिया के लिए मेक इन इंडिया के हमारे प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

**ग्रीन अमोनिया पर एमओयू:** केंद्रीय मंत्री पुरी ने बताया कि उन्होंने आईओसीएल के साथ भारत में कंप्रेस्ड बायोगैस प्रोडक्शन में प्रवेश किया है और भारत से जापान तक ग्रीन अमोनिया के ऑफटेक के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। टोक्यो में सोजित्ज कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर ताकाहिरो एबिसु से भी मुलाकात की।

### मेक इन इंडिया पर चर्चा

*पुरी ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और एनवाईके लाइन जापान के बीच चल रहे शिपिंग बिजनेस को लेकर कंपनी के नोबुहिरो काशिमा के साथ मीटिंग हुई। इसमें मेक इन इंडिया की भावना के साथ भविष्य के निर्माण सहयोग पर चर्चा की। वे टोक्यो में ओसाका गैस के प्रतिनिधि निदेशक और कार्यकारी उपाध्यक्ष केजी ताकेमोरी से मिले। इस मीटिंग में ओसाका गैस और भारतीय ऊर्जा कंपनियों के बीच सहयोग के बढ़ते अवसरों पर चर्चा की गई।*

# जलवायु वित्त में अरबों नहीं खरबों डॉलर दें, वादों को पूरा करें: यादव

**एजेंसी ▶▶ बेलम**

ब्राजील के अमेजन में आयोजित किए जा रहे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-30) सम्मेलन में भारत की तरफ से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने विकसित देशों को नसीहत दी कि वे नेट जीरों के लक्ष्य को तय समय से पहले हासिल करें। उन्होंने विकसित देशों से जलवायु वित्त में खरबों डॉलर देने की भी मांग की। भूपेंद्र यादव ने तंज कसते हुए कहा कि कॉप30 सम्मेलन को वादों को लागू करने वाले सम्मेलन के तौर पर याद किया जाना चाहिए।

**हर किसी की पहुंच में हो तकनीक:** भूपेंद्र यादव ने अमेजन को पृथ्वी की पर्यावरणीय दौलत का जीवित प्रतीक बताया। यादव ने अपने संबोधन में विकसित देशों से अपील की कि वे अपने वादों को पूरा करें।

## महंगाई अब 'सामान्य' स्तर पर कीमतों में जल्द देंगे और राहत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में बढ़ती जीवन-यापन लागत के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी आर्थिक नीतियों का बचाव किया है। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने महंगाई को फिर से सामान्य स्तर पर ला दिया है। ट्रंप ने कहा कि प्रशासन आने वाले समय में कीमतों का दबाव और कम करने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा कि हम इसे काफी नीचे ले आए हैं, लेकिन इसे और थोड़ा कम करेंगे। हमें परफेक्शन चाहिए। ट्रंप ने महंगाई के लिए एक बार फिर डेमोक्रेट्स और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि 2024 चुनाव में उनकी जीत से अमेरिकियों को राहत मिली है।

## तेजी से पिछल रहा अंटार्कटिका का हेक्टोरिया ग्लेशियर

# 15 महीनों में 25 किमी पीछे खिसका

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

अंटार्कटिका के पेनिन्सुला पर स्थित हेक्टोरिया ग्लेशियर ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। यह ग्लेशियर सिर्फ 15 महीनों (जनवरी 2022 से अप्रैल 2023 तक) में 25 किलोमीटर पीछे खिसक गया, यह आधुनिक इतिहास का सबसे तेज पिघलाव है, जो पहले के रिकॉर्ड से 10 गुना तेज है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे दूसरे ग्लेशियर भी प्रभावित हो सकते हैं। समुद्र का स्तर तेजी से बढ़ सकता है।

### पहले के रिकॉर्ड से 10 गुना तेजी से पिघल रहा



अंटार्कटिका का हेक्टोरिया ग्लेशियर

### दूसरे बड़े ग्लेशियरों के लिए बढ़ गया खतरा

#### 2022 में हुई थी शुरुआत

साल 2022 की शुरुआत में ग्लेशियर के आगे का बड़ा समुद्री बर्फ का हिस्सा टूटकर अलग हो गया। इससे ग्लेशियर का फ्लोटिंग हिस्सा (आइस टंग) पूरी तरह बिखर गया। बिना सहारे के ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगा और बहने लगा। सबसे ज्यादा नुकसान नवंबर-दिसंबर 2022 में हुआ, जब ग्लेशियर 8 किलोमीटर पीछे हट गया।

### जलवायु परिवर्तन से बर्फ पिघल रही

हेक्टोरिया छोटा ग्लेशियर है (करीब फिलाडेल्फिया शहर जितना बड़ा), लेकिन अगर यही तरीका बड़े ग्लेशियरों जैसे थ्वाइट्स या पाइन आइलैंड पर लागू हुआ, तो समुद्र स्तर तेजी से बढ़ सकता है। वैज्ञानिक कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन से अंटार्कटिका की बर्फ तेजी से पिघल रही है। ऐसे घटनाओं से हमें सतर्क रहना चाहिए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109